

इजराइल-हमास के बीच युद्ध के दौरान एक बच्चे को मलबे से निकाल कर बचाया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 272 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22 फीसदी बढ़कर 9.57 लाख करोड़ रुपये : वित्त मंत्रालय

नई दिल्लीः चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 09 अक्टूबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.07 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के सकल कर संग्रह से 17.95 फीसदी अधिक है। वहीं, रिफंड जारी करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.82 फीसदी बढ़कर 9.57 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जो बजट अनुमान का 52.50 फीसदी है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 09 अक्टूबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.95 फीसदी उछलकर 11.07 लाख करोड़ रुपये रहा है। मंत्रालय के मुताबिक एक अप्रैल से 09 अक्टूबर, 2023 के दौरान 1.50 लाख करोड़ रुपये रिफंड जारी करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.57 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 21.82 फीसदी अधिक है। मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के हवाले से बताया कि प्रत्यक्ष कर संग्रह में कंपनियों की ओर से अधिक अग्रिम कर भुगतान की वजह से यह उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

### पीएम आज उत्तराखंड को देंगे परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह राज्य को लगभग 4200 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े आठ बजे पिथौरागढ़ जिले के जोलिंगकोंग पहुंचेंगे, जहां वह पार्वती कुंड में पूजा और दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री इस स्थान पर पवित्र आदि-कैलाश से आशीर्वाद भी लेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े नौ बजे पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव पहुंचेंगे, जहां वह स्थानीय लोगों से बातचीत करेंगे और स्थानीय कला और उत्पादों पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। वह सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों के साथ भी बातचीत करेंगे।

# 'खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया'

= खिलाड़ियों के मार्ग में पैसों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने देंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से बातचीत की और हौसलाअफजाई की

**देश को गर्व**

8 भारत ने इन खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 मेडल जीते हैं। भारत इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि भारत सरकार खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों के मार्ग में पैसों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से बातचीत कर रहे थे। भारत ने इन खेलों में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 मेडल जीते हैं। भारत इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए 2014 से पहले और बाद में देश के खेल इको सिस्टम में आए बदलाव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले भी देश में योग्यता और जीत के जज्बे की कमी नहीं थी लेकिन खिलाड़ियों को कई अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। सरकार देश के सपोर्ट इको सिस्टम का कायाकल्प करने में जुटी है। हमारा प्रयास खिलाड़ियों को दुनिया की बेस्ट ट्रेनिंग देना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें देश और विदेश में ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले। इसके अलावा चयन में पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है ताकि किसी के साथ भेदभाव ना हो। गांव-देहात में रहने वाले सपोर्ट टैलेंट को भी ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज देश के खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। टॉप और खेलो इंडिया जैसी योजनाएं गेम चेंजर साबित हुई हैं। इन खेल अभियानों की वजह से कई प्रतिभाएं खोजी गई हैं और इनमें से 40 से ज्यादा ने ही इन एशियाई खेलों में मेडल जीता है। इससे साबित होता है कि यह अभियान सही दिशा में है। इसके तहत 3000 प्रतिभाओं को ट्रेनिंग, कोचिंग, मेडिकल, डाइट और 6 लाख स्कॉलरशिप दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 5 सालों में देश खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 3 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की विशेष सराहना की।

### हारने वाले खिलाड़ी निराश न होः पीएम

प्रधानमंत्री ने इस दौरान जीतने वाले खिलाड़ियों से अपने प्रभाव का उपयोग कर ड्रग्स और डाइट के कुप्रभावों के बारे में युवा खिलाड़ियों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जीत की चाह में कुछ खिलाड़ी गलत रास्ते पर चले जाते हैं, उन्हें सतर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह खिलाड़ियों को आहार के लिए गाइड करें और मिलेट व पोषण मिशन में भी भूमिका निभायें। प्रधानमंत्री ने हारने वाली खिलाड़ियों को निराश नहीं होने और नए प्रयास करने की सीख दी।

### 'जज्बा दिखाता है भारत के बेटियों का सामर्थ्य क्या है'

**पीएम** ने कहा कि उनका जज्बा दर्शाता है कि भारत के बेटियों का सामर्थ्य क्या है। इन खेलों में आधे से ज्यादा पदक महिलाओं ने जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने कम उम्र के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि कम उम्र के खिलाड़ियों से एक्सपोर्टिंग नेशन की पहचान बनती है। इससे वह लंबे समय तक देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का खिलाड़ी केवल अच्छे प्रदर्शन तक नहीं बल्कि जीत चाहता है। इसके लिए उन्होंने एक शब्द गोट (जीओएटी) का भी प्रयोग किया, जिसका अर्थ होता है (ग्रेटेस्ट आफ ऑल टाइम)।

## 'तीन वर्षों में एक लाख करोड़ की वित्तीय मदद दे एनसीडीसी'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गृह एवं स**हकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) से तिमाही लक्ष्यों के साथ अगले तीन वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये वार्षिक वितरण लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की है। वह नई दिल्ली में एनसीडीसी की महापरिषद की 89वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**केंद्र की विभिन्न योजनाओं की कार्यान्वयन एजेंसी है एनसीडीसीः** एनसीडीसी केंद्र की विभिन्न योजनाओं की कार्यान्वयन एजेंसी है और सहकारी समितियों को लाभ पहुंचाने के लिए सब्सिडी घटक को ऋण के साथ जोड़कर वित्तीय मदद करता है। निगम द्वारा वर्ष 2022-23 में ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में 41 हजार करोड़ से अधिक की सहायता दी गई है। चालू वर्ष में 2013-14 में वितरित 5,300 करोड़ रुपये से दस गुना वृद्धि प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। अब 2023-2024 के लिए तय किए गए 50 हजार करोड़ रुपये के लक्ष्य को प्राप्त करने जा रहा है। निगम का शुद्ध एनपीए 2022-23 में 99 प्रतिशत से अधिक ऋण वसूली दर के साथ 'शून्य' पर बना हुआ है।

अमित शाह ने कहा कि कम दरों पर कर्ज लेने के उपाय ढूंढने के साथ ब्याज दर कम रखते हुए सहकारिता क्षेत्र को ऋण देना चाहिए।

**आदेश**

8 निगम द्वारा वर्ष 2022-23 में ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में 41 हजार करोड़ से अधिक की सहायता दी गई है



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो में।

### वर्ष 2024 में भारत की वृद्धि दर का 6.3% रहेगीः आईएमएफ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**


अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1% से बढ़ाकर 6.3% कर दिया। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्वानुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की विकास दर 6.5% के आसपास रह सकती है।

## 'वामपंथी उग्रवाद से होने वाली हिंसा में 2014 के बाद से लगातार गिरावट'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गृह मंत्रालय** ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि माओवादी हिंसा ने देश के कई हिस्सों में विकास प्रक्रिया को दशकों पीछे धकेल दिया है। मंत्रालय ने कहा कि इसे नागरिक संस्थाओं और मीडिया को पहचानने की जरूरत है ताकि नक्सलियों पर हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का दबाव बनाया जा सके।

**रिपोर्ट में कही ये बातः** वर्ष 2022-23 के लिए गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह आवश्यक है कि नक्सली इस तथ्य को पहचानें कि 21वीं सदी के भारत की सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक गतिशीलता तथा आकांक्षाएं माओवाद के वैश्विक दृष्टिकोण से बहुत दूर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत सरकार बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाकर इस खतरे से पूर्ण रूप से निपट रही है और परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से होने वाली च्हसा में 2014 के बाद से लगातार गिरावट और इनके प्रसार में काफी कमी देखी गई है। माओवादी नहीं चाहते कि मूलभूत समस्याओं का हल किया जाए क्योंकि वे बड़े पैमाने पर स्कूल भवनों, सड़कों, रेलवे, पुलों, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और संचार सुविधाओं को निशाना बनाते हैं। माओवादी अपनी पुरानी विचारधारा को कायम रखने के लिए अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों की आबादी को हाशिए पर रखना चाहते हैं।



**वार्षिक रिपोर्ट**

8 पहचानने की जरूरत है नक्सलियों पर हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का दबाव बनाया जा सके

**जम्मू-कश्मीर में 32,355 एसपीओ तैनात किए गएः** जम्मू-कश्मीर में 4,153 ग्राम सहायता समूह (वीडीजी) और 32,355 विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) नागरिकों की सुरक्षा और आतंकवाद रोधी अभियानों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, सीमा पार से प्रायोजित और समर्थित आतंकवादी एवं अलगाववादी च्हसा के कारण जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति लगभग तीन दशकों तक प्रभावित थी।

## सिक्किमः सेना के त्रि-शक्ति कोर ने शुरू किया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/गंगटोक/नई दिल्ली**

**भारतीय सेना** की त्रि-शक्ति कोर के जवानों ने उत्तरी सिक्किम में सड़क संपर्क बहाल करने के उद्देश्य से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत सिक्किम में आई प्राकृतिक आपदा के कारण ध्वस्त व क्षतिग्रस्त हुए पुलों और सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक और भारतीय सेना के वरिष्ठ अभियंताओं ने इसके लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण और अनुमानित खर्च का विवरण सहित रिपोर्ट तैयार कर ली है। उल्लेखनीय है कि 3 अक्टूबर की रात्रि में बादल फटने और तीस्ता नदी में आई बाढ़ से सिक्किम में भारी तबाही हुई। सड़कों के साथ सिक्किम के 14 पुल टूट चुके हैं। बिजली और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो गई थीं। पर्यटकों सहित हजारों लोग जहां तहां फंस गए थे। प्रारंभिक राहत और बचाव कार्य के बाद अब सभी स्थानों से संपर्क बहाल करना सबसे अधिक जरूरी हो गया था। इसके लिए सेना के त्रि-शक्ति कोर ने अभियान शुरू किया है, जिसमें सैनिकों को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों सहित कई संस्थाओं से सहायता मिल रही है।

## इजराइल के हमले में मारे गए 1500 आतंकी



**टीम एक्शन इंडिया/यरुशलम**

**इजराइल पर हमा**स के हमले और फिर इजराइल की प्रतिक्रिया के बाद युद्ध भयावह रूप ले चुका है। इस युद्ध में दोनों ओर से जवाबी हमले जोरों से चल रहे हैं। इजराइल की सेना ने 1500 हमास आतंकियों को मारे जाने का दावा किया है। साथ ही कहा है कि हमास के आतंकियों को छिपने के लिए कहीं जगह नहीं मिल रही है। इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि हमास के आतंकियों के पास गाजा में छिपने के लिए कोई जगह नहीं है। इजराइली वायु सेना हर चार घंटे में फिलिस्तीनी इलाके में हवाई हमले कर रही है। इजराइली सेना ने दक्षिण में बड़े पैमाने पर नियंत्रण हासिल कर लिया है और सीमा पर पूर्ण नियंत्रण भी बहाल हो गया है। सेना के प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने कहा कि इजरायली क्षेत्र में हमास के आतंकवादियों के 1,500 शव मिले हैं और सोमवार रात से कोई भी हमास लड़ाका इजराइल में नहीं घुसा है। इजराइली एयरफोर्स के फाइटर जेट ने गाजा पट्टी पर हमास के 500 ठिकानों पर रॉकेट दागे हैं।

### हमास ने दी धमकी, हर हमले पर मारेंगे एक बंदी

**हमास** भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। हमास ने धमकी दी है कि जब भी इजरायल बिना किसी चेतावनी के किसी फिलिस्तीनी घर पर बमबारी करेगा, तो वह एक इजरायली बंदी को मार डालेगा। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा कि यह युद्ध यहूदी शासन के खिलाफ लोगों की लड़ने की क्षमता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए फिलिस्तीनी नागरिकों को बधाई दी जानी चाहिए।

## आप सांसद संजय सिंह की रिमांड तीन दिन बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** शराब घोटाले के मामले में आरोपी आप सांसद संजय सिंह को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने कोर्ट में संजय सिंह की पांच की रिमांड की मांग की, लेकिन कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड स्वीकृत की। अब आप सांसद 13 अक्तूबर तक ईडी की रिमांड में रहेंगे। ईडी ने कोर्ट में कहा कि घूस लेने के नहीं, घूस मांगने के सबूत हैं। शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई।



इससे पहले, संजय सिंह को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने सांसद को पांच दिनों की ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। रिमांड के दौरान सिंह से पूछताछ हुई तो वहीं दूसरी तरफ उनके करीबियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया। ईडी ने विवेक त्यागी और सर्वेश मिश्रा को समन जारी कर पूछताछ की। वहीं दूसरी तरफ कोर्ट के बाहर संजय सिंह के हजारों समर्थक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

**घूस मांगी गई**

8 ईडी ने कोर्ट में कहा कि घूस लेने के नहीं, घूस मांगने के सबूत हैं। शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई

**कोर्ट ने भेजा था पांच दिन की रिमांड परः** गिरफ्तार सांसद को 10 तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेजा गया था। मामले में ईडी ने 10 दिन की कस्टडी मांगी थी। हालांकि कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी के समक्ष कई सवाल उठाए और इसके बाद सिर्फ पांच दिन की रिमांड दी।

## दिल्ली पुलिस महकमे में फेरबदल, 23 अधिकारियों का तबादला

**टीम एक्शन इंडिया/नई** दिल्ली, दिल्ली पुलिस के 23 पुलिस अधिकारियों का मंगलवार को एक साथ तबादला किया गया है। इनमें 14 आईपीएस अधिकारी जबकि 9 दानिप्स ऑफिसर हैं। ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट में एडिशनल कमिश्नर से लेकर जिलों में और दूसरे विंग में तैनात कई एडिशनल डीसीपी शामिल हैं। साथ ही डीसीपी नॉर्थ और डीसीपी आउटर का भी तबादला किया गया है। न्यू दिल्ली रेंज के एडिशनल सीपी विक्रमजीत सिंह को वेस्टर्न रेंज का एडिशनल सीपी बनाया गया है। ट्रैफिक में तैनात एडिशनल कमिश्नर दीपक पुरोहित को न्यू दिल्ली रेंज का एडिशनल कमिश्नर बनाया गया है। इसी क्रम में वेस्टर्न रेंज में तैनात एडिशनल सीपी चिन्मय बिस्वाल को ट्रैफिक में भेजा गया।

### 'सीबीआई की जांच रिपोर्ट आरटीआर के दायरे में नहीं आता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय लेखा** परीक्षा एवं लेखा सेवा के एक पूर्व अधिकारी की याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि किसी मामले के संबंध में सीबीआई की जांच रिपोर्ट को सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि आरटीआई अधिनियम की धारा-8 (1)(एच) सीबीआई की जांच रिपोर्ट की प्रति सार्वजनिक नहीं करने की छूट देती है।

अदालत ने कहा कि अगर ऐसी जानकारी अन्य अपराधियों के हाथों में पड़ती है तो यह निश्चित रूप से चल रही जांच प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करेगी।

**अध्यक्षता** विभिन्न फ्लैगशिप परियोजनाओं की समीक्षा कर इनके कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए

## राज्य की नीतियों में नए विचारों का किया जाएगा समावेशः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को शिमला में तीन वर्षों बाद आयोजित प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप परियोजनाओं की समीक्षा कर इनके कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना, ई-चार्जिंग स्टेशन, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने उपायुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों को अवैध खनन रोकने के लिए ड्रोन से निगरानी करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न स्थानों पर नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी बल दिया। साथ ही राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस, राज्य कर एवं आबकारी तथा वन विभाग के कर्मचारियों की एकीकृत चौकियां स्थापित करने के निर्देश दिए। सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों ने अपने जिलों से सम्बन्धित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के बारे में प्रस्तुति दी और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि युवा अधिकारी नए विचार राज्य सरकार के समक्ष रखें और सरकार अपने कार्यक्रमों एवं नीतियों में इन विचारों को शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि एक अच्छी सरकार के लिए अच्छे प्रशासन का होना आवश्यक है और निडरता, लक्ष्य निर्धारण और लगन के साथ काम करना ही प्रशासनिक क्षमताओं का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन समुचित प्रबन्धन पर भी ध्यान दे और अपने-अपने जिलों में ई-ऑफिस लागू करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त कार्यालय, एसडीएम ऑफिस के साथ ई-ऑफिस प्रणाली के साथ जोड़ें जाएं और सभी कार्यों का निपटारा ई-फाइल पर करना सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं और पिछले 10 माह के कार्यकाल में इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं।



**सुदृढ़**

8 ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन की अध्यक्षता

# प्रधानमंत्री का उत्तराखंड प्रवास मानसखंड के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण : पुष्कर सिंह धामी

**विशेष ध्यान**

**8 प्रधानमंत्री 2014 में जब प्रधानमंत्री बने थे, तब से ही उनका उत्तराखंड पर विशेष ध्यान है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश, जागेश्वर धाम एवं पिथौरागढ़ दौरे को लेकर कहा कि यह उत्तराखंड वासियों के लिए सही मायने में काफी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी के पिथौरागढ़ आने से पहले मंगलवार को मीडिया को देहरादून में बताया कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड प्रवास उत्तराखंड वासियों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जौलीकांग, पार्वती कुंड, आदि कैलाश, गुंजी, जागेश्वरधाम पहुंचना हम सबके लिए महत्वपूर्ण है।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पिथौरागढ़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही साथ विकास की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री 2014 में जब प्रधानमंत्री बने थे, तब से ही उनका उत्तराखंड पर विशेष ध्यान है। आलवेदर रोड केदारधाम और बद्रीधाम का सौंदर्यीकरण, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, हेमकुंड साहिब केदारनाथ में रोपवे का शिलान्यास किया जो हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। कर्णप्रयाग रेल लाइन का संचालन हम सबके लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। विकास और व्यवस्था के कारण चारधाम में यात्रियों की संख्या बढ़ी है। जिस तरह हेली सेवाएं उत्तराखंड के लिए प्रारंभ की गई हैं, वह विकास की महत्वपूर्ण उपक्रम है।
कर्णप्रयाग रेल लाइन पूरा हो जाने के बाद यात्रियों को काफी सुविधा दी जाएगी। पर्यटन और विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ जाएंगे। जिस प्रकार गढ़वाल प्रभाग में विकास के कार्य हुए हैं, उसी तरह मानसखंड में परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है।
प्रधानमंत्री के इस दौरे के बाद पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन में गति आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस दौरे के बाद मानसखंड भी पूरे विश्व की दृष्टि में आएगी और यहां पर्यटकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हैं कि पहले केदारखंड और मानसखंड को विकास की सौगात देने का मन बनाया है। हम उनका उत्तराखंड की जनता की ओर से अभिनंदन और स्वागत करते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर कैबिनेट मंत्री जोशी ने की समीक्षा

**दिशा-निर्देश**

**8 जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित जनसभा स्थल पर हो रही सभी तैयारियों के संबंध में दिए दिशा-निर्देश**



**पिथौरागढ़/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सीमांत जनपद आगमन को लेकर तैयारियों के संबंध में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की।
मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित जनसभा स्थल पर हो रही सभी तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रवेश द्वार, पण्डाल स्थल, टेण्ट, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं और तैयारियों में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने वाहनों को समय से कार्यक्रम स्थल पहुंचने के लिए परिवहन विभाग को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल की पूर्ण तैयारी कर ली जाये।
इस अवसर पर कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी रीना जोशी, सीडीओ वरुण चौधरी, बीजेपी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जनसभा संयोजक बलवंत सिंह भौर्याल सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान का महापौर ने किया निरीक्षण

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम के वार्ड-58 और वार्ड- 60 बरेली रोड स्थित धान मिल में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान का महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया।
नगर निगम हल्द्वानी के सम्पूर्ण क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है नगर निगम हल्द्वानी के निवासियों से अपील है कि नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के महान कार्य में अपना अमूल्य योगदान दें।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एम्स में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**जागरूकता**

**8 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एम्स ऋषिकेश में जन-जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये।
10 अक्टूबर को प्रत्येक वर्ष ह्नविश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसह्न मनाया जाता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का समग्र उद्देश्य दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर कार्य करने वाले सभी लोगों को अपने काम के बारे में बात करने का अवसर प्रदान करता है।




एम्स ऋषिकेश के मनोचिकित्सा विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।
एम्स के कॉलेज ऑफ नर्सिंग और मनोचिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए इन कार्यक्रमों में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम पर पोस्टर प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, विशेषज्ञों द्वारा पैनल चर्चा और कई अन्य जागरूकता कार्यक्रम शामिल रहे।
मनोचिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. अनिंद्य दास ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का महत्व व्यक्ति के समग्र शारीरिक कल्याण से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए जरूरी है कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति मानसिक रूप से भी स्वस्थ हो।
वर्तमान जीवन शैली में विभिन्न सेलिब्रिटी और राजनेता सहित आम लोग अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति बहुत चिंतित हैं। जब हमारा मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहेगा, तभी हम अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में बेहतर परिणाम दे पाएंगे। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के उपाय तलाशें और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह का अनुसरण करें।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक का वाहन खाई में गिरा, मौत

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
अगस्त्यमुनि सिल्ली के निकट हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। इसकी सूचना मिलते ही एएसआई हरीश बंगारी के हमराह एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। रेस्क्यू टीम ने खाई से युवक का शव बरामद किया।
बताया गया कि मयकोटी का युवक नवीन अपने वाहन से तिलवाड़ा से अगस्तयमुनि की ओर जा रहा था कि अचानक उसका वाहन अनियंत्रित होकर चट्टान पर गिर गया। इसकी सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। एसडीआरएफ टीम को ज्ञात हुआ कि तिलवाड़ा से अगस्त्यमुनि मार्ग पर जा रहे युवक का वाहन अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया जिसमें उक्त युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। रेस्क्यू टीम ने 20 मीटर खाई में उतरकर कर उस युवक का शव बरामद कर लिया। उसके शव को बॉडी बैग में डालकर स्ट्रेचर द्वारा पैदल मार्ग से होते हुए मुख्य मार्ग तक पहुंचाया और अग्रिम कार्रवाई को जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### नंदिनी फाउंडेशन उत्तराखंड बोर्ड में 80 फीसद से उत्तीर्ण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए करवाएगा शैक्षिक भ्रमण

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश नंदिनी फाउंडेशन ऋषिकेश ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इंटर कॉलेज में उत्तराखंड बोर्ड में 80 फीसद से उत्तीर्ण एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण, जयपुर, दिल्ली, आगरा, वृंदावन ,मथुरा की व्यवस्था की जा रही है।
उत्तराखंड की बोर्ड परीक्षा एवं उत्तराखंड संस्कृत परिषद में 80 फीसद अंक से ऊपर से उत्तीर्ण हुए हों और वर्तमान समय में कक्षा 11 एवं 12 में संस्थागत रूप से अध्यनरत हों। उक्त शैक्षणिक भ्रमण की जानकारी देते हुए हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं क्षेत्रीय जानकारी अर्जित करना है। साथ ही जो आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र छात्राएं हैं, उन्हें यात्रा निशुल्क रूप से उक्त पांच शहरों में शैक्षिक भ्रमण करवाया जाएगा। इसकी संपूर्ण व्यवस्था नंदनी फाउंडेशन के द्वारा की जाएगी, जो भी मेधावी छात्र-छात्राएं इस शैक्षिक भ्रमण में जाएंगे उन्हें अभिभावकों द्वारा सहमति पत्र के साथ चिकित्सा प्रमाण पत्र भी देना होगा। उक्त यात्रा नवंबर द्वितीय सप्ताह में प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक विद्यालयों द्वारा नाम सूची के साथ श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर गोविंद सिंह रावत और डॉक्टर सुनील दत्त थपलियाल से संपर्क करके इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### शहर में सफाई व्यवस्था ठप, दो दिन से नहीं उठा कूड़ा, कर्मचारियों ने नगर निगम के गेट पर लगाया जाम



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आरोप है कि चार महीने से संविदाकर्मियों को वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वहीं, 18 से 20 साल पहले से संविदा पर सफाई कार्य कर रहे कर्मियों को निष्कासित करने के आदेश दिए गए हैं।
हरिद्वार में शहर में दो दिन से कूड़ा न उठने की वजह से सफाई व्यवस्था ठप है। मंगलवार को प्राइवेट फर्म के सफाई कर्मचारियों ने जमकर प्रदर्शन किया। वहीं, आक्रोशित कर्मचारियों ने शहर में बिना कूड़ा उठान किए वाहनों का रेला लेकर नगर निगम कार्यालय के गेट पर जाम लगा दिया। उनका आरोप है कि चार महीने से संविदाकर्मियों को वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वहीं, 18 से 20 साल पहले से संविदा पर सफाई कार्य कर रहे कर्मियों को निष्कासित करने के आदेश दिए गए हैं। नगर निगम अपनी मनमानी कर रहा है।

## विश्व मानसिक दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पहल की शुरूआत




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने में वैश्विक समुदाय के साथ मजबूती के साथ खड़ा है। साथ ही उसने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया।
इस महत्वपूर्ण पहल में मैक्स हॉस्पिटल देहरादून की टीम ने मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए एक बैलून रिलीज समारोह का आयोजन किया। इसमें मानसिक स्वास्थ्य विभाग के प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने मीडिया से बात करते हुए दैनिक जीवन पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रभाव, तनाव से निपटने की रणनीतियों और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला।
डॉ. सलोनी गुप्ता, कंसलटेंट, साइक्लोजिस्ट, मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून जोर देकर कहा, "मानसिक स्वास्थ्य हमारे विचारों, भावनाओं और कार्यों को गहराई से प्रभावित करता है, हमारे रिश्तों, कार्य कुशलता और जीवन की समग्र गुणवत्ता को आकार देता है।"
डॉ. अंकिता प्रियदर्शिनी, विजिटिंग कंसल्टेंट, मनोचिकित्सक और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने भी बताया कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य लगातार सकारात्मक आदतों, व्यापक संतुलन, प्रभावी तनाव प्रबंधन और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहने से होता है। आत्म-सहानुभूति विकसित करना, सकारात्मक मानसिकता के साथ परिवर्तन को अपनाना और सार्थक संबंध बनाना हमारी मानसिक संवर्धन को मजबूत करता है।
डॉ. संदीप तंवर ने कहा कि हम पारंपरिक उपचारों से आगे जाना चाहते हैं।
हमारे दयालु विशेषज्ञ एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं जहां मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली चर्चा को प्रोत्साहित किया जाता है और समय पर सलाह देने के लिए आसानी से उपलब्ध होते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि व्यक्तियों को मानसिक और भावनात्मक कल्याण की यात्रा के लिए विशेषज्ञों का आवश्यक व्यक्तिगत समर्थन प्राप्त हो।

## एमबीपीजी की प्रो. शुभ्रा को एक्सीलेंस अवार्ड

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
एमबीपीजी के बीएड विभाग की प्रो. शुभ्रा पी कांडपाल को ग्लोबल एंबेसडर ऑफ एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया है।
राजदूत डॉ. वीबी सोनी, इंडियन सोसायटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. जीवी राव, राष्ट्रीय महामंत्री नमो संदेश राजेश गुप्ता, एडिशनल सेक्रेटरी मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटरनल अफेयर्स डॉ. नरेंद्र सिंह, प्रेसीडेंट ऑल इंडिया एंग्लो इंडियन जोसेफ हिल्टन ने दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान दिया।

## कुमाऊंनी बोली में 16 से होगी भागवत कथा

**भागवत कथा**

**8 इस पवित्र और भगवती कार्य के लिए समिति की एक बैठक आज गोलज्यू मंदिर हीरानगर में हुई**

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
तारा जन सेवा समिति कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में पहली बार कुमाऊंनी बोली में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 16 नवंबर से 23 नवंबर तक कर रही है। इस पवित्र और भगवती कार्य के लिए समिति की एक बैठक आज गोलज्यू मंदिर हीरानगर में हुई।
बैठक में समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र मेहता ने पहली बार श्रीमद् भागवत कुमाऊंनी बोली में और कुमाऊं क्षेत्र के सम्मानित कथा वाचकों का सम्मान समारोह किए जाने के संदर्भ में कार्यक्रम की विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया 16 नवंबर को भव्य कलश यात्रा निकलेगी जिसमें माताएं बहने पारंपरिक कुमाऊंनी वेशभूषा में सम्मिलित होंगी। साथ ही गोल्जू भगवान और माँ नंदा सुनंदा की झांकी के साथ ही कुमाऊं के सभी वाद्य यंत्र भी कलश यात्रा में रहेंगे।
कलश यात्रा गोल्जू मंदिर हीरानगर से प्रारंभ होकर मुखानी चौराहे से जेल रोड चौराहा होते हुए उत्थान मंच में पहुंचेगी।
कथा का समय 16 नवंबर से 22 नवंबर तक दिन में 2:00 से 5:00 बजे तक रहेगा। विशाल भजन संध्याह्न 1920 नवंबर को साइंस 8:00 बजे से रात को 10:00 बजे तक होगी। इसमें उत्तराखंड के प्रसिद्ध कुमाऊंनी गढ़वाली कलाकारों की भजन की प्रस्तुति की जाएगी और 23 तारीख को हवन विशाल भंडारा किया जाएगा। बैठक में समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हल्द्वानी व आसपास के सभी क्षेत्रों में निमंत्रण देने का निर्णय लिया।
बैठक में रितु डालाकोटि, वंदना पंत, संदिप भोज, योगेश जोशी, विजय मनराल, मुन्नी बिष्ट, दीप्ति चुफाल, विनोद तिवारी, गणेश गुणवंत, राशि जैन, आदि उपस्थित रहे।

## भूधंसाव का सुधारीकरण न होने से आक्रोशित जनता ने दिया धरना

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकास खंड को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले मोटर मार्ग पर सलना गांव के समीप बीते छह माह पूर्व हुए भूधंसाव का सुधारीकरण न किये जाने से आक्रोशित क्षेत्रीय जनता ने मंगलवार को भूधंसाव वाले हिस्से के समीप प्रदर्शन कर धरना दिया।
गोपेश्वर-पोखरी मोटर मार्ग पर सलना गांव के निकट छह माह पूर्व धंसाव की हुआ था जिस कारण यहां पर वाहनों की आवाजाही में काफी परेशानियां हो रही है। पीएमजीएसवाई की ओर से यहां पर बार-बार मिट्टी डाल कर वाहनों की आवाजाही करवायी जा रही है, लेकिन बार-



बार सड़क के धसने के कारण यहां पर आवागमन जोखिम भरा बना हुआ है। इसी को लेकर मंगलवार को हापला घाटी के मसोली, गुडम, नैल, सिदेली, कुलेन्डू, नौली, कलसीर श्रीगढ़ के ग्रामीणों ने धंसाव क्षेत्र के पास पहुंच कर पीएमजीएसवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। गुड़म के ग्राम प्रधान सजनसिंह, मसोली के क्षेत्र पंचायत सदस्य राधा रानी रावत और सामाजिक कार्यकर्ता संदीप बर्त्वाल का कहना है कि सड़क भूधंसाव को लेकर पीएमजीएसवाई पोखरी को कई बार लिखित और मौखिक रूप से कहा गया है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है सड़क की ऐसी स्थिति बनी हुई है कभी भी बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यह सड़क क्षेत्र की मुख्य सड़क है जल्द समस्या समाधान नही होता है तो विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।
पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता परशुराम चमोली ने सड़क भूधंसाव क्षेत्र में पहुंच कर सड़क का निरीक्षण किया और ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों को लिखित रूप में एक माह में सड़क का सही करने का आश्वासन दिया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने लेटलतीफी पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा और भविष्य की कार्य योजनाओं को लेकर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने अपने देहरादून यमुना कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में विभिन्न विभाग के अधिकारियों की बैठक की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को जरूरी सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए। साथ ही उनके दिए गए निर्देशों पर हो रही लेटलतीफी को लेकर अधिकारियों को फटकार भी लगाई।



देहरादून यमुना कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में विधानसभा अध्यक्ष ने मंगलवार को विभागवार कार्यों की समीक्षा में मालन नदी पर क्षतिग्रस्त पुल को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से जानकारी मांगी और वैकल्पिक मार्ग की समय समय पर मरम्मत करने के भी निर्देश दिए।
उन्होंने कोटद्वार की प्रस्तावित सड़कों को जानकारी भी मांगी। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार से लोगों को गुमराह ना करें और कार्य को दी गई समय सीमा पर पूर्ण करें।इसके अलावा उन्होंने लोक निर्माण विभाग को बरसात के कारण सड़कों में पड़े गड्ढों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के लिए कहा। इस दौरान उपजिलाधिकारी को कोटद्वार में बढ़ते डेंगू के मामलों को देखते हुए प्रत्येक वार्ड की गली-गली तक छिड़काव एवं फॉगिंग लगातार प्रक्रिया में करते रहने के निर्देश दिए। इसके साथ नगर में सफाई एवं स्वच्छता रखने की बात कही।
बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष अवैध खनन के मामलों को लेकर भी सख्त दिखीं। उन्होंने खनन अधिकारी पौड़ी को अवैध खनन को पूर्ण रूप से बंद करने और नदियों के किनारे पेट्रोलिंग करने और अवैध खनन करने वालों पर उनका वाहन जब्त करने के साथ-साथ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
उन्होंने सिंचाई विभाग से कोटद्वार में आपदा में किए गए कार्यों की रिपोर्ट मांगी। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भाबर में किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी देने और क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों का कार्य निश्चित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। भाबर क्षेत्र की सिंचाई हेतु प्रमुख कण्वाश्रम नहर, जो आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी, उस पर युद्धस्तर पर पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण करने पर सिंचाई विभाग की सराहना भी की।
इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, खनन अधिकारी रवि नेगी, अधिशासी अभियंता सिंचाई अजय कुमार, सहायक अभियंता सिंचाई विनोद कुमार सहायक अभियंता सिंचाई अनिल राठौड़, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग डीप सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) नवीन पंत, अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे।

# पुलिस ने पकड़ा चोर, चोरी का खुलासा

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
कीर्तिनगर थाने के तहत मलेथा क्षेत्र में बंद घर में चोरी करने वाले एक चोर को पकड़कर पुलिस ने चोरी का खुलासा किया है। चोर को सक्षम न्यायालय में पेश किया गया है।
पुलिस की मीडिया सेल के अनुसार बीती 3 अक्टूबर को मलेथा में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गठित पुलिस टीम ने 9 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना में संलिप्त एक अभियुक्त जम्मू कठुवा निवासी शाहनवाज पुत्र सुलेमान को लगभग साढ़े पांच बजे चोरी के माल के साथ जुयालगढ़ी कीर्तिनगर के निकट सड़क मार्ग पर गिरफ्तार किया। चोरी में एक अन्य चोर मोहम्मद रफीक पुत्र इकबाल की भी पुष्टि हुई है, जिसको तलाशा जा रहा है। इनके पास से एक स्मार्ट वाच, एक शर्ट जींस, नकद 45 हजार

उत्तर रेलवे
(मुरादाबाद मण्डल)
निविदा सूचना

| कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्युरिटी राशि | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 27/वरिष्ठ म.वि.अभि./सा./मुरा./2022 छड़ी कौल ओक ग्रोव स्कूल झड़ीपानी में विद्युत सुविधाओं के सुधार हेतु विद्युत कार्य। | 79,11,353.58 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 1,58,200.00 | 4 (चार) माह | निविदायें दिनांक 01.11.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:30 बजे खोली जायेंगी। |

वेबसाइट एवम कार्यालय का पता: वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/उत्तर रेलवे मुरादाबाद
निविदा सूचना सं. 43/2023 दिनांक : 10.10.2023
3137/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सभी राज्यों में भाजपा की सरकार बनेगी : धामी

**स्वीकार्यता**

**8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, "मैं जिन भी राज्यों में गया हूं, वहां की जनता भाजपा के पक्ष में है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने सभी पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की सरकार बनने का विश्वास प्रकट किया है। उन्होंने कहा "मैं जिन भी राज्यों में गया हूं वहां की जनता भाजपा के पक्ष में है।"
मंगलवार को प्रेस से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, "मैं जिन भी राज्यों में गया हूं, वहां की जनता भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, हैदराबाद जाकर वहां की जनता का हावभाव देखा है। जनता हर स्थान पर डबल इंजन की सरकार चाहती है ताकि उसका पूरा विकास हो।" मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह आज देश दुनिया के अंदर भारत की स्वीकार्यता बढ़ी है, जी-20 के आयोजन के बाद पूरी दुनिया ने भारत के सामर्थ्य को देखा है। भारत आज दुनिया की नजर में ऐसे राष्ट्र के रूप में आ गया है, जिसके कारण भारत को हर कोई सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में देखता है। कोई भी घटनाक्रम हो भारत की जनता ने मन बना लिया है कि अब हर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आएगी। डबल इंजन की सरकार आएगी तो विकास होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया ने देख लिया है कि प्रधानमंत्री जिस तरह विकास के कामों को कर रहे हैं और विकास के कामों को धरातल पर पहुंचा रहे हैं इसको देखकर पूरे देश ने मान लिया है कि प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है। मोदी ही विकास के कामों को अग्रसर कर सकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया है कि सभी राज्यों में भाजपा की सरकार बनेगी ऐसा उन्होंने विश्वास जताया है।

## चंद्रयान अभियान में शामिल वैज्ञानिक का हुआ स्वागत



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
भारत की अंतरिक्ष एजेंसी ह्यइसरोह्ल के गत दिनों किये गये चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह 38 वर्ष बाद नैनीताल स्थित अपने विद्यालय राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचे। उनकी पत्नी रुपिंदर कौर और मित्र पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय के साथ पूर्व कॉलेज पहुंचने पर डॉ. सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके स्वागत में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इसरो स्थित यूआर राव सेटेलाइट सेंटर के क्वालिटी एश्योरेंस समूह में कार्यरत अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने इस अवसर पर बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 1981 में डिप्लोमा करने के बाद 1987 में उनका चयन इसरो के तकनीकी विभाग में हुआ।

# उक्रांद ने राज्यपाल को आईडीपीएल बचाए जाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**गुमराह**

**8 ज्ञापन में कहा गया कि वन विभाग आईडीपीएल मामले की सत्यता को छिपाकर गुमराह कर रहा है।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड क्रांति दल ने तहसील में प्रदर्शन कर उत्तराखंड के राज्यपाल को आईडीपीएल को अवैधानिक तरीके से लोगों को गुमराह कर खाली करवाए जाने के विरोध में एक ज्ञापन दिया।
मंगलवार को तहसील में उत्तराखंड राज्य के राज्यपाल के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि उनके द्वारा मांगी गई सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्राप्त हुई है कि आईडीपीएल संस्थान ने वन विभाग को आईडीपीएल को मिली लीज भूमि का वार्षिक किराया चार रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से 3 वर्ष का किराया, 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 तक का वन विभाग को जमा किया गया।
इसके बावजूद भी वन विभाग के अधिकारी और जिलाधिकारी द्वारा 27 अप्रैल 2021 में आईडीपीएल की लीज समाप्त होने का आधार मानकर सूचना तथा नोटिस जारी कर बेदखली के नोटिस दे रहे हैं। जबकि यह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन भी है, जिसमें न्यायालय द्वारा सुनवाई की तिथि 29 नवंबर 2023 निश्चित की है। ज्ञापन में कहा गया कि वन विभाग आईडीपीएल मामले की सत्यता को छिपाकर गुमराह कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी के संभावित जागेश्वर भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियां पूरी, वाहनों का रूट डायवर्जन

**अल्मोड़ा (जागेश्वर)/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 अक्टूबर को जागेश्वर धाम में संभावित दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस अधिकारियों, सुरक्षा जवानों एवं अन्य ड्यूटी में तैनात अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। यहां के आरतोला पार्किंग स्थल में की गई इस ब्रीफिंग में पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे, डीआईजी इंटेलिजेंस राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी अल्मोड़ा विनीत तोमर , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा रामचंद्र राजगुरु समेत अन्य अधिकारियों ने ड्यूटी में लगे हुए कार्मिकों को प्रधानमंत्री मोदी के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सौंपे गए दायित्वों के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए।
प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए अल्मोड़ा पिथौरागढ़ मार्ग में यातायात रूट डायवर्ट कर दिया गया है ।आरतोला से जागेश्वर तक जीरो जोन रहेगा।
जिला मजिस्ट्रेट विनीत तोमर ने बताया कि जागेश्वर में वीवीआईपी कार्यक्रम के दृष्टिगत महानुभावों की सुरक्षा के लिए 12 अक्टूबर को प्रातः 7:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक तहसील भनोली के समस्त क्षेत्र को नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।
इसके अलावा अल्मोड़ा पुलिस द्वारा जनपद में वाहनों के आवागमन हेतु डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है ।डायवर्जन प्लान 11 अक्टूबर की रात्रि 11:55 बजे से लागू होगा, जो वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम की समाप्ति तक जारी रहेगा।
इसके तहत हल्द्वानी से पिथौरागढ़ को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन भीमताल-खुटानी- शहरफाटक-लमगड़ा छड़ौजा तिराहा-सुवाखान होते हुए जायेंगे, नैनीताल से पिथौरागढ़ को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन भवाली-खुटानी- शहरफाटक-लमगड़ा छड़ौजा तिराहा-सुवाखान होते हुए जायेंगे। पिथौरागढ़ से हल्द्वानी/नैनीताल को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन सुवाखान- लमगड़ा छड़ौजा तिराहा- शहरफाटक-खुटानी-भीमताल होते हुए जायेंगे।
अल्मोड़ा/रानीखेत से पिथौरागढ़ को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन सिकुड़ा बैण्ड-लमगड़ा छड़ौजा तिराहा-सुवाखान होते हुए जायेंगे।
पिथौरागढ़ से अल्मोड़ा आने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन सुवाखान-लमगड़ा छड़ौजा तिराहा-सिकुड़ा बैण्ड होते हुए आयेंगे।
धौलछीना/बाड़ेछीना/पेटशाल से पिथौरागढ़ को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन बाड़ेछीना तिराहा-पेटशाल- बमनस्वाल- सुवाखान होते हुए जायेंगे।
हल्द्वानी/नैनीताल से अल्मोड़ा/बागेश्वर/ताकुला/कौसानी को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन पूर्व की तरह आवागमन करेंगे।

### रिलायंस ज्वेल्स ने लॉन्च किया बेमिसाल स्वर्ण बंगा ज्वेलरी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स ने अपने शानदार ज्वेलरी कलेक्शन, स्वर्ण बंगा को लॉन्च किया है, जो बंगाल की काव्यात्मक खूबसूरती और कलात्मक विरासत से प्रेरित है। रिलायंस ज्वेल्स द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों से प्रेरणा लेकर वहाँ की थीम पर आधारित ज्वेलरी कलेक्शन की पेशकश की जाती है और स्वर्ण बंगा कलेक्शन इस श्रृंखला में 8वां है। यह कलेक्शन इस क्षेत्र के टेराकोटा मंदिरों की बारीकियों, शांति निकेतन की शांति और दुर्गा पूजो के उत्साह को प्रदर्शित करता है। सितारों से सजी रंगारंग शाम के शानदार अवसर पर, बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर ने स्वर्ण बंगा को लॉन्च किया। उन्होंने इस कलेक्शन से पर्दा हटाया और शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर वॉक किया।
लॉन्च के बारे में बात करते हुए, रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ, सुनील नायक ने कहा कि बंगाल को अपनी जीवंत कलात्मक विरासत के लिए जाना जाता है, और भारत की कला व शिल्प के इतिहास में इसका स्थान बेहद खास है। यह भारत के अलग-अलग हिस्सों से प्रेरणा लेकर तैयार किए जाने वाले ज्वेलरी कलेक्शन की सीरीज में 8वां है, जो इस बात की मिसाल है कि हम अपने देश की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करने के वादे पर पूरी तरह अटल हैं। सदाबहार डिजाइन, जटिल कारीगरी, और बेमिसाल खूबसूरती के साथ तैयार किया गया स्वर्ण बंगा कलेक्शन यकीनन आने वाले कई सालों तक हमारे ग्राहकों को बेहद पसंद आएगा।

## एलपीएस में स्पिक मैके के डॉ. ने बांसुरी की धुन से किया मंत्रमुग्ध

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
शिक्षा नगरी के लॉग व्यू पब्लिक स्कूल (एलपीएस) के सभागार में मंगलवार में संगीत के लिये समर्पित संस्था स्पिक मैके के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर पंडित डॉ. प्रवीण गोदखिंडी ने तबले पर पं रामकुमार मिश्रा की संगत में बांसुरी का सुमधुर वादन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।
कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी, चेयरमैन एचबी त्रिपाठी, संरक्षक सुनीता त्रिपाठी और अन्य अतिथियों दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुई निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता

**मानसिक स्वास्थ्य**

**8 मानसिक स्वास्थ्य की सही देखभाल व्यक्ति को खुश और समृद्ध जीवन जीने में मदद करती है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के नर्सिंग कालेज में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता की गई।
नर्सिंग कालेज में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष पुष्पा पासवान, विशिष्ट अतिथि सिविल जज सीनियर डिवीजन सिमरन जीत कौर, एसीएमओ डा. उमा रावत चिकित्साधिकारी डा. नवीन डिमरी ने किया।
मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए तनाव मुक्त रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि तनाव मुक्त रहने के लए निरंतर योग करना चाहिए।
एसीएमओ डॉ उमा रावत ने कहा कि हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूक करना और मानसिक बीमारियों के बारे में जानकारी देना है। मानसिक स्वास्थ्य की सही देखभाल व्यक्ति को खुश और समृद्ध जीवन जीने में मदद करती है।
चिकित्साधिकारी डा. नवीन डिमरी ने कहा कि वर्तमान समय में सभी लोगों के लिए मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना बड़ी जरूरत बन गयी है। भाग-दौड़ भरी जिंदगी में युवाओं को इसका खास ख्याल रखना होता है। लोग स्ट्रेस और डिप्रेशन के शिकार होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में इन्हीं सब विषयों पर जागरूकता बढ़ाने और मेंटल हेल्थ की अहमियत को समझाने के लिए हर साल 10 अक्टूबर को वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है।
सिविल जल सीनियर डिवीजन सिमरनजीत कौर ने कहा कि वर्ल्ड मेंटल हेल्थ दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने और वैश्विक नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य की जरूरत को बताने के लिए प्रेरित करने के लिए है। यह उत्सव सुनिश्चित करता है कि मानसिक स्वास्थ्य को एक मुद्दे के रूप में उजागर किया जाए।
उन्होंने कहा कि यह दिन इस बात की याद दिलाता है कि आप जिस भी दौर से गुजर रहे हैं, उसका आपको अकेले सामना नहीं करना है। हमें यह सोचना बंद करना होगा कि कठिन समय का सामना केवल हम ही कर रहे हैं या हमें इसका सामना अकेले ही करना है।

# बेरहम मां: छह महीने के बच्चे पर नहीं आया तरस

**सजा**

**8 बच्चे की हत्यारी मां को आजीवन कारावास और 21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

**रोशनाबाद(हरिद्वार)/टीम एक्शन इंडिया**
छह माह के दुधमुंहे बच्चे की हत्या कर नहर में फेंकने के मामले में सुनवाई करते हुए पंचम अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश चंद आर्य ने आरोपी मां को दोषी पाया है। बच्चे की हत्यारी मां को आजीवन कारावास और 21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता अनुज कुमार सैनी ने बताया कि तीन नवंबर 2019 को कनखल क्षेत्र में एक छह माह दुधमुंहा बच्चा गुम हो गया था। आसपास व रिश्तेदार से पूछने पर भी बच्चे का पता नहीं चला था। सूचना मिलने पर घर पहुंचे पिता ने थाने में बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू की।
सीसीटीवी फुटेज में बच्चे की मां की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। उसके बाद पुलिस की सख्ती पर बच्चे की मां ने उसकी हत्या की बात कबूल कर ली थी। पूछताछ करने पर आरोपी महिला ने बताया था कि घटना वाले दिन अपने बच्चे को बैग में रखकर आनंदमयी पुलिया पर जाकर उसको नहर में डुबोकर हत्या कर फेंक दिया था।
पुलिस ने आरोपी महिला संगीता बलूनी निवासी सर्वप्रिय विहार कनखल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष ने साक्ष्य में 10 गवाह पेश किए। मामले की सुनवाई करते हुए पंचम अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश चंद आर्य ने आरोपी मां को दोषी पाते आजीवन कारावास व 21 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर उसे दो साल के अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए हैं। आरोपी मां ने दोपहर तीन बजे डेरी में दूध लेने के बाद वापिस आने पर बच्चे का गुम होने का नाटक रचा था।

## यूटिलिटी में 10 पेटी अंग्रेजी शराब और बियर के साथ आरोपित गिरफ्तार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मुनि की रेती पुलिस ने अवैध रूप से शराब की तस्करी करते हुए एक यूटिलिटी चालक को 10 पेटी अंग्रेजी शराब और 6 पेटी बियर के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। मुनि की रेती थाना प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि पुलिस ने यूटिलिटी चालक अरविंद सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम मज्याडी, थाना मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल को तिमली रोड, शिवपुरी से मुखबिर की सूचना पर अंग्रेजी शराब व बियर से भरी यूटिलिटी वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 10 पेटी अंग्रेजी शराब इंपीरियल ब्लू व 06 पेटी बियर बरामद हुई।

# 70 नाली भूमि पर की जा रही अवैध भांग की खेती की गई नष्ट

## -प्रतापनगर के गांवों में टीम के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम नेगी ने की कार्रवाई



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
एसडीएम प्रतापनगर शैलेंद्र नेगी के नेतृत्व में तहसील प्रतापनगर के ग्राम सौंदी, दीनगांव, मुखमालगांव, सिलोडा व खुमोर्ला में 70 नाली से अधिक भूमि पर की जा रही अवैध भांग की खेती को नष्ट कर जलाया गया, ताकि भांग को उपयोग में न लाया जा सके। भांग की खेती को लेकर चेताते हुए ग्रामीणों को एनडीपीएस एक्ट की जानकारी भी दी गई।
एसडीएम प्रतापनगर शैलेंद्र नेगी ने बताया कि प्रतापनगर के कुछ गांवों में अवैध भांग की खेती किए जाने की सूचना मिली। इस पर डीएम मयूर दीक्षित के निर्देश पर चार टीमों का गठन किया गया। टीम ने अभियान के अंतर्गत ग्राम सौंदी, दीनगांव, मुखमालगांव, सिलोडा व खुमोर्ला में 70 नाली से अधिक भूमि पर अवैध भांग की खेती को नष्ट करते हुए मौके पर ही अवैध खेती को काटककर जलाया गया, ताकि कोई भी इसे उपयोग में न ला सके।
इस दौरान एसडीएम प्रताप नगर नेगी व थाना अध्यक्ष लम्बगांव महिपाल रावत ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य विधिक जानकारी जानकारी दी। भांग अवैध खेती को नुकसानदेह बताते हुए इससे होने वाले नुकसान व इस पर होने वाली विधिक कार्यवाही के परिणामों से भी अवगत कराया।
इस कार्रवाई टीम में तहसीलदार प्रतापनगर चंद्रमोहन पांडे, थानाध्यक्ष लम्बगांव महिपाल सिंह रावत, एसआई प्रशांत बहुगुणा, कानूनगो जीएल शाह, फोरेस्टर रविंद्र चमोली, फोरेस्ट गार्ड अंजलि रावत, कांस्टेबल सरोजिनी रावत, पाराशर प्रसाद, रविंद्र पांडे, सुनील नेगी, राजस्व उप निरीक्षक सहित 20 से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारी इस अभियान में शामिल रहे।

# पूर्व सैनिकों को उपनल के माध्यम से सेवायोजित करने का अनुरोध



**पिथौरागढ़/टीम एक्शन इंडिया**
असम रायफल्स के पूर्व सैनिकों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने असम रायफल्स को उपनल के माध्यम से सेवायोजित करने का अनुरोध किया। पिथौरागढ़ के वन विश्राम गृह में हुए भेंट के दौरान असम रायफल्स के पूर्व सैनिक और संगठन के राष्ट्रीय महासचिव नारायण सिंह बिष्ट ने बताया कि उपनल के माध्यम से असम रायफल्स के पूर्व सैनिकों को सेवायोजित नहीं किया जा रहा है। मंत्री ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुनने के बाद दूरभाष पर उपनल के एमडी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मंत्री ने दूरभाष पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से भी इस विषयक अनुरोध किया। मंत्री ने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सैनिक कल्याण मंत्री ने असम रायफल्स के प्रतिनिधिमण्डल को यह भी अवगत कराया कि 2018 के बाद सरकार ने असम रायफल्स के दो शहीद सैनिकों के परिजनों को राज्य सरकार में नियुक्ति दी है। इस मौके पर पूर्व विधायक चंद्रा पंत, असम रायफल्स के राष्ट्रीय महासचिव नारायण सिंह बिष्ट, मदन सिंह, हेमंत सिंह, शंकर सिंह मेहता, दामोदर, गणेश दत्त नगरकोटी, हरीश तिवारी, लक्ष्मण सिंह बिष्ट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विभिन्न जनपदों के 15 युवाओं ने पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण लिया



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद टिहरी गढ़वाल के मुख्यालय के निकटस्थ कोटी कालोनी में पर्यटन विभाग ने 10 दिवसीय पीवन, पीटू और पीथ्री पैराग्लाईडिंग प्रशिक्षण का विधिवत समापन हुआ। इस मौके पर प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्रों का वितरण भी किया गया।
मुख्य प्रशिक्षक तानाजी ताकवे ने सोमवार को कहा कि पहाड़ के युवाओं के लिए पैराग्लाइडिंग में अपार संभावनायें हैं। युवा इसे प्राथमिकता से लें। प्रशिक्षण का समापन मुख्य प्रशिक्षक तानाजी ताकवे व साहसिक खेल अधिकारी बलवंत सिंह कपकोटी ने प्रमाण-पत्रों के वितरण के साथ किया।
प्रशिक्षण में उत्तराखंड के पिथौरागढ़, बागेश्वर, नैनीताल, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी व चमोली जनपद के कुल 15 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया किया, जिसमें 3 बलिकाएं भी सम्मिलित रहीं। यह प्रशिक्षण उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने निशुल्क प्रदान किया। प्रशिक्षण देश की प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग संस्था मंत्रा ने दिया। प्रशिक्षण में सभी 15 युवाओं ने ग्राम कुट्ठा से कोटि कॉलोनी तक लगभग 10 से 15 मिनट तक की अनेक उडानों को पूरा कर प्रशिक्षण पाया।
साहसिक खेल अधिकारी कपकोटी ने बताया कि उत्तराखंड के युवाओं को पैराग्लाइडिंग में रोजगार से जोड़ने व उत्तराखंड के टिहरी को देश के प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल के रूप में विकसित करने के लिये सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे के विशेष प्रयासों के तहत उत्तराखंड मे प्रथम बार बेसिक पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षणों से लेकर टेंडम पैराग्लाइडिंग पायलट तक के प्रशिक्षण आयोजित करवाने का काम किया जा रहा है।
इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक तानाजी ने बताया कि टिहरी के प्रतापनगर से टेहरी झील में पैराग्लाइडिंग का एसआईवी एवं एक्रो प्रशिक्षण कराने के लिए विश्व के प्रसिद्ध एसआईवी प्रशिक्षकों को बुलाने के उद्देश्य से आगामी माह नवम्बर में विश्व स्तरीय एक्रो फेस्टिबल का आयोजन कराया जा रहा है। इसके लिए पर्यटन विभाग टेक ऑफ व लैंडिंग का विकास कार्य करवाया जा रहा है।
अगला प्रशिक्षण 11 अक्टूबर से शुरू किया जा रहा है। इसमें भी 15 प्रशिक्षु शामिल होंगे।

# दो दिवसीय बाल विज्ञान महोत्सव हुआ



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के राजकीय इंटर कालेज गोपेश्वर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव का मंगलवार को हो गया है। दो दिनों तक चले इस महोत्सव में उत्तराखंड के छह जिलों से आये बाल वैज्ञानिकों ने अपने मॉडल के प्रदर्शन के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया।
इंटर कालेज गोपेश्वर में आयोजित इस दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव का समापन मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि यह चमोली जिले के लिए गौरव की बात है कि राज्य स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव की मेजबानी का मौका मिला है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्र के छह जिलों के के बाल वैज्ञानिकों ने यहां आकर अपने मॉडलों का प्रदर्शन कर एक दूसरे बाल वैज्ञानिक के हुनर हो भी जाना है।
इस मौके पर आयोजित सीनियर वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कालेज उत्तरकाशी की अक्षिता प्रथम, राइका थालाबैड चमोली की मोनिका द्वितीय गुलाब राय रुद्रप्रयाग के राधे चौधरी तृतीय, नाटक पर्यावरण जागरूकता प्रतियोगिता में राइका सनेती बागेश्वर प्रथम, राबाइका एंचोली पिथौरागढ़ द्वितीय, राकउमावि नैग्वाड चमोली तृतीय, विज्ञान प्रश्नोतरी में आनंदी एकेडमी बागेश्वर प्रथम, पीपीएस गोपेश्वर द्वितीय, उदयन इंटर नेशनल स्कूल चंपावत तृतीय, कविता पाठ में राइका मानले पिथौरागढ़ की ज्योति प्रथम रही ।

## संपादकीय

# भूख व कुपोषण संपूर्ण विश्व के लिए एक समस्या

**प्रत्येक** वर्ष 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस यानी कि वर्ल्ड फूड डे मनाया जाता है। दरअसल, यह दिवस खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में आमजन में जागरूकता बढ़ाने और विश्व भूख उन्मूलन को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। अनाज का भरपूर उत्पादन होने के बावजूद आज संपूर्ण विश्व में भुखमरी और कुपोषण की समस्या है। रूस यूक्रेन युद्ध से अनाज की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला है। जैसा कि दोनों ही देश बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादन करते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि दुनिया के कई देश वर्तमान समय में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। इन देशों में लोगों को संतुलित आहार, भरपूर भोजन नहीं मिल पा रहा। इस कारण आज विश्व की अधिकांश आबादी कुपोषित हो रही है। दक्षिणी अफ्रीकी देशों में तो यह समस्या बहुत बड़ी है। भुखमरी के शिकार देशों में हैती, चड (लीबिया और सूडान से घिरा देश), साउथ इस्ट एशिया का देश तिमोर लेस्ते, दक्षिणी अफ्रीकी देश मोजांबिक और मेडागास्कर में भुखमरी अपने चरम पर है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2020 में भारत ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 94वें स्थान पर था। तो वहीं 2021 में सात पायदान फिसलकर 101वें स्थान पर जा पहुंचा और इस वर्ष यानी कि वर्ष 2023 में 107 पहुंच गया। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2016 में, ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने पाकिस्तान को 32.1 स्कोर दिया था, जो भारत के 28.8 के स्कोर से ज्यादा था। आंकड़े बताते हैं कि अफगानिस्तान को छोड़कर, भारत ने ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 में दक्षिण एशियाई क्षेत्र के सभी देशों की तुलना में खराब प्रदर्शन किया है। यह 121 देशों में से 107 वें स्थान पर है। यह एक तथ्य है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स यानी कि जीएचआई 2021 में भारत 116 देशों में से 101वें स्थान पर रखा गया है । आंकड़े बताते हैं कि जीएचआई 2022 में बेलारूस, बोस्निया और हजेगोविना, चिली, चीन और क्रोएशिया शीर्ष पांच देश हैं। चाड, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, मेडागास्कर, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक और यमन ऐसे देश हैं जो सूचकांक में सबसे नीचे हैं। बहुत ही महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि दक्षिण एशियाई देशों में, भारत (107) श्रीलंका (64), नेपाल (81), बांग्लादेश (84) और पाकिस्तान (99) से नीचे है। भारत का स्कोर 29.1 है जो इसे 'गंभीर' श्रेणी में रखता है। अफगानिस्तान (109) दक्षिण एशिया का एकमात्र देश है जिसका प्रदर्शन सूचकांक में भारत से भी खराब है। चीन, 5 से कम अंक के साथ, 16 अन्य देशों के साथ, चार्ट में शीर्ष पर है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि भारत इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहा है। भूख और कुपोषण उन्मूलन के लिए भारत ने अनेक कदम उठाए हैं। इस क्रम में भारत में ईट राइट इंडिया मूवमेंट, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, फूड फोर्टिफिकेशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, मिशन इंद्रधनुष और एकीकृत बाल विकास सेवा जैसे अनेक अभियान चलाए जा रहे हैं लेकिन बावजूद इसके ग्लोबल हंगर इंडेक्स के आंकड़े बताते हैं कि अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के बावजूद भारत की स्थिति ठीक नहीं है। दरअसल अनाज वितरण प्रणाली में आज भी कहीं न कहीं भ्रष्टाचार व्याप्त है।

# देश की आर्थिक सेहत बिगाड़ देगी रेवड़ी कल्चर



राजेश माहेश्वरी

> मुफ्त रेवड़ियों या फ्रीबी की संस्कृति पर बहस आसानी से उन बुनियादी मुद्दों को भूला देती है जो यह यह मान लेती है कि लोग उसी पार्टी को वोट देते हैं जो उन्हें सबसे अधिक रेवड़ियों की पेशकश करती है। आम आदमी पार्टी की राजनीति का तो आधार ही दिल्ली मॉडल की रेवड़ी हैं। कर्नाटक में आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, छात्रों के लिए शहरों में मुफ्त बस यात्रा और 3000 रुपए की बेरोजगारी भत्ता को शामिल किया गया था। अब किसे मतलब है कर्नाटक की आर्थिक सेहत से, जो पहले से ही साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये के कर्ज से दबा हुआ है। इसकी भरपाई सरकार अप्रत्यक्ष कर से ही कर सकती है, जिसका बोझ आखिरकार गरीबों को ही ढोना होगा। फ्रीबी या रेवड़ी संस्कृति सरकारी खर्च में वृद्धि करती है और सार्वजनिक कर्ज को बढ़ाती है

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तारीखों की घोषणा चुनाव आयोग ने कर दी है। इन राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद अगले साल के शुरूआती महीनों में लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में रेवड़ी कल्चर या मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की राजनीति बहस का केंद्रीय मुद्दा है। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं वहां की सरकारों ने चुनाव आचार संहिता लगने से पहले वोटरों को प्रभावित करने के लिए लोकलुभावन योजनाओं के लिए सरकारी खजाने का मुंह खोलने में गुरेज नहीं किया। मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली इस राजनीति को लेकर एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इस याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में सरकारें चुनावों से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांट रही है। इन पर रोक लगाई जाए। इस संबंध में बीती 6 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मध्य प्रदेश, राजस्थान की सरकारों की अलावा केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों को चार हफ्तों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस विषय पर चल रही अन्य याचिकाओं को भी एक साथ जोड़ दिया है। अब सभी मामलों की सुनवाई अब एक साथ होगी। वहीं इससे पहले जनवरी 2022 में सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय फ्रीबीज के खिलाफ एक जनहित याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अपनी याचिका में अश्विनी उपाध्याय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्रीबीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की थी। इसमें मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियां की मान्यता रद्द करनी चाहिए। केंद्र सरकार ने अश्विनी से सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्रीबीज की परिभाषा तय करने की अपील की थी। चुनावी रेवड़ी का दांव कोई नया नहीं है। सियासी खलीफा समय-समय पर इसे आजमाते रहे हैं. दक्षिण के राज्यों में तो चुनावी रेबड़ियां बांटे जाने का चलन आम रहा है। लेकिन आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब मॉडल ने इसे संस्कृति का रूप दे दिया है। अब तो चुनावी रेवड़ी सियासतदानों की रणनीति का हिस्सा बन गई है। वे बेझिझक इसकी वकालत करने लगे हैं। अगर कुछ लोग इसका विरोध करते दिखते हैं, तो वह विरोध भी जुबानी होता है। इसका उनके सियासी आचरण से दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं होता। कर्नाटक विधानसभा चुनाव इसका बेहतरीन उदाहरण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत जैसे देश में जहां करोड़ों लोगों को गरीबी से उबारना है वहां जन कल्याण की योजनाएं तो चलानी ही होंगी लेकिन जन कल्याण के काम करने और रेवड़ियां बांटने में अंतर होता है। इस अंतर को समझने के बजाय रेवड़ी संस्कृति को अपनाया जा रहा है। जब एक दल ऐसा करता है तो दूसरा भी ऐसा ही कुछ करने को मजबूर हो जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कई मौकों पर इस ओर ध्यान आकर्षित कर चुके हैं कि रेवड़ी संस्कृति किस तरह लोकतंत्र और अर्थतंत्र का बेड़ा गर्क कर रही है।


फिलवक्त जो व्यवस्था है उसके मुताबिक चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर ही अपनी आपत्ति जता सकता है। वह चुनाव बाद बनी सरकार की ओर से लिए जाने वाले लोकलुभावन फैसलों के खिलाफ कुछ नहीं कर सकता। अक्सर देखा गया है कि राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। कुछ दल तो अनाप-शनाप लोकलुभावन घोषणाएं करके एक तरह से वोट खरीदने लगे हैं। यह ठीक है कि औसत मतदाता परिपक्व हैं, लेकिन सभी ऐसे नहीं जो मुफ्त की योजनाओं से होने वाले नुकसान को समझ सकें।

यह वही कल्चर है, जिसे मुफ्तखोरी की राजनीति भी कहा जाता है। यह राजनीति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली भी है। यह किसी से छिपा नहीं कि रेवडियां बांटने की राजनीतिक संस्कृति ने न जाने कितने देशों को तबाह किया है। यूरोप के कुछ विकसित देश इसी रेवड़ी संस्कृति के कारण आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। भारत के पड़ोस में ही श्रीलंका, पाकिस्तान का भी इसी रेवड़ी संस्कृति ने बुरा हाल किया है। अपने देश में ही देखा जाए तो कई राज्य सरकारें इस रेवड़ी संस्कृति के कारण लगभग दीवालिया होने की कगार पर हैं। उनका बजट घाटा बढ़ता जा रहा है, लेकिन वे मुफ्तखोरी की राजनीति का परित्याग करने के लिए तैयार नहीं। इस राजनीति ने राज्य के बिजली बोर्डों का भी बुरा हाल कर रखा है, क्योंकि राज्य सरकारें चुनावी लाभ के लिए मुफ्त में या लागत से बहुत कम में बिजली दे रही हैं। इसका दुष्परिणाम बिजली बोर्ड भुगत रहे हैं। चुनाव जीतने के इरादे से राजनीतिक दलों की ओर से की जाने वाली लोकलुभावन घोषणाओं को लेकर आम जनता को भी चेतना चाहिए, क्योंकि ऐसी योजनाएं अंततरू उसके लिए मुसीबत बनती हैं और अर्थव्यवस्था का बेड़ा भी गर्क करती हैं। मनरेगा योजना के बारे में रह-रहकर यह सवाल उठता रहता है कि आखिर यह कानून लोगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में कितनी सहायक है? इसी तरह यह सवाल भी उठता रहता है कि कर्ज माफी की योजनाएं किसानों और कृषि का कितना भला कर पा रही हैं? यह निराशाजनक है कि कर्ज माफी योजनाओं की नाकामी के बावजूद कई राजनीतिक दल चुनाव के मौके पर खुद को किसानों का हितैषी साबित करने और उनके वोट हासिल करने के लिए कर्ज माफी करने की घोषणाएं करते रहते हैं। यह ठीक नहीं। राजनेताओं की दानवीर कर्ण की यह भूमिका स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ों में मट्ठा डालने का काम कर रही है। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया दूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। वैसे भी इन वादों की हकीकत जमीन पर उतरी होती तो आज देशवासी खुशहाल जिंदगी जी रहे होते।

मुफ्त रेवड़ियों या फ्रीबी की संस्कृति पर बहस आसानी से उन बुनियादी मुद्दों को भूला देती है जो यह यह मान लेती है कि लोग उसी पार्टी को वोट देते हैं जो उन्हें सबसे अधिक रेवड़ियों की पेशकश करती है। आम आदमी पार्टी की राजनीति का तो आधार ही दिल्ली मॉडल की रेवड़ी हैं। कर्नाटक में आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, छात्रों के लिए शहरों में मुफ्त बस यात्रा और 3000 रुपए की बेरोजगारी भत्ता को शामिल किया गया था। अब किसे मतलब है कर्नाटक की आर्थिक सेहत से, जो पहले से ही साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये के कर्ज से दबा हुआ है। इसकी भरपाई सरकार अप्रत्यक्ष कर से ही कर सकती है, जिसका बोझ आखिरकार गरीबों को ही ढोना होगा। फ्रीबी या रेवड़ी संस्कृति सरकारी खर्च में वृद्धि करती है और सार्वजनिक कर्ज को बढ़ाती है।

वर्तमान में देश का राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। राजकोषीय घाटे और बढ़ते सार्वजनिक कर्ज की चिंता को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि मार्च 2021 तक देश के सभी राज्यों पर कुल 69.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। कहने का मतलब ये है कि स्थिति गंभीर है और चुनावी रेवड़ियों का कनात में परोसा जाना अगर जारी रहता है, तो तमाम चमक के बावजूद देश को अंधेरे के गर्त में जाने से कोई नहीं बचा सकता।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**



## कविता

### सुखद श्रेणी के दुखे

आज जब,
दो समय की साबित रोटी,
तन पर मटमैले कपड़े,
पैदल दूर तक जाने को चप्पल,
गहरी ठंडी रातों में ओढनें को कथरी ,
और रोटी के साथ मिर्च प्याज की चटनी,
मड़ई मेला जाने के लिए किराए की साइकिल,
समय समय मिल जाए सब।
मुझे उसका साथ,
और उसे मेरा संग होना,
भला लगता है सब,
सब कुछ,
लगता है वक्त थम जाये ,
रुक जाएं हम सभी,
हवाएं खुशबू से भरी,
उसकी बातें, खिलखिलाहट,
पेड़ों टहनियों से झूमता झूमता
अनंत निश्चल आकाश,
संबंधों की गहरी नर्म ऊष्मा,
नन्हे नन्हे हाथों का स्पर्श,
चुप-चुप कनखियों के इशारे,
बंद होठों की खामोशी हंसी,
पतली पगडंडी में लड़खड़ाते

संजीव

# क्यों अमिताभ कृतज्ञ हैं अपने उस अनाम गुरु के प्रति

**आर.के. सिन्हा**

**अमिताभ बच्चन** ने जब अपने फिल्मी करियर का श्रीगणेश किया तब 1970 के दशक का आरंभ हो रहा था। तब भारत में श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधनामंत्री थीं और अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन थे। वो आधी सदी पहले की दुनिया आज से हर मायने में अलग थी। पर इन पचास सालों में बहुत कुछ बदला, पर अमिताभ बच्चन अब भी करोडों सिने प्रेमियों की पसंद बने हुए हैं। उन्होंने इस दौरान न जाने कितनी सुपर हिट फिल्में दीं, टीवी पर अपनी धाक जमाई और विज्ञापन के संसार के शिखर पर भी रहे। कुछ समय तक राजनीति करने के बाद उसे इस तरह से छोड़ा कि फिर कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्हें भारतीय सिनेमा का सर्वकालिक महानतम अभिनेता माना जा सकता है। अमिताभ जी ने अनेक पुरस्कार जीते हैं, जिनमें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, तीन राष्ट्रीय फि ल्म पुरस्कार और बारह फि ल्मफेयर पुरस्कार सम्मिलित हैं। उनके नाम सर्वाधिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फि ल्मफेयर अवार्ड का रिकार्ड है।

अभिनय के अलावा बच्चन ने पार्श्वगायक, फि ल्म निमार्ता, टीवी प्रस्तोता के रूप में भी अपनी छाप छोड़ी है।

वे लोकप्रिय टीवी शो "कौन बनेगा करोड़पति" में कई वर्षों से मेजबान की भूमिका भी निभाते आए हैं। इस शो में उनके द्वारा किया गया 'देवियों और सज्जनों' संबोधन बहुचर्चित रहा। अमिताभ बच्चन की शख्सियत से आप प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। आज (11 अक्तूबर) को उनके जन्म दिन पर हम उस शख्स की बात करना चाहेंगे जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचाना और फिर गढ़ा भी। बेशक, वे भी इस मौके पर उन शख्सियतों को जरूर याद करेंगे जिनके मार्गदर्शन के चलते उन्होंने शिखर को छुआ। वे दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज (केएम कॉलेज) के अपने गुरु फ्रेंक ठाकुर दास को नहीं भूल सकते। वहां पर फ्रेंक ठाकुर दास सभागार मिलेगा। अमिताभ बच्चन 1962 में केएम कॉलेज में बी.एससी के छात्र थे। तब तक उनका एक्टिंग या रंगमंच की तरफ कोई विशेष रूझान नहीं था। पर एक दिन फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें अपने पास बुलाकर कहा कि वे कॉलेज की रंगमंच की गतिविधियों से जुड़ें। यह बात अमिताभ बच्चन ने केएम कॉलेज के एक कार्यक्रम में खुद बताई थी। उसके बाद फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें कॉलेज की ड्रामा सोसायटी की तरफ से होने वाले अंग्रेजी और हिन्दी के नाटकों से जोड़ा। उन्होंने ही अमिताभ बच्चन को अभिनय की तमाम बारीकियों से रु ब रु भी करवाया। दिल्ली विश्व विद्लाय और केएम कॉलेज बिरादरी फ्रेंक ठाकुर दास को अपने संरक्षक और मार्गदर्शक के रूप में याद करती है। वैसे तो फ्रेंक ठाकुर दास केएम कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस के प्रोफेसर थे। उन्हें रंगमंच की दुनिया की भी गहरी समझ थी। वे खुद भी रंगकर्मी थे।

## विचार

# शाबाश ! प्रोफेसर क्लैडिया गोल्डिन

**किशन भावनानीं गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर सर्वविदित है कि महिलाओं का सर्वाधिक सम्मान भारत में किया जाता है। आदि अनादि काल से यहां महिलाओं को देवी तुल्य माना जाता है जो हम मां लक्ष्मी दुर्गा काली पार्वती मां सरस्वती सहित अनेकों नाम इतिहास, मान्यताओं व कहानियों में देखते सुनते रहते हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि अभी लोकसभा में उच्च सदन में 214/0 यानें सवार्नुमति से और निचले सदन में 454/2 से महिला आरक्षण बिल याने नारी शक्ति वंदन विधेयक2023 पारित हुआ है। हालांकि इसे लागू 2029 या 2034 में करने की संभावना है। परंतु आज 9 अक्टूबर 2023 को देर शाम अमेरिका की महिला प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र विज्ञान याने इकोनॉमिक्स साइंस में जिस विषय पर नोबेल पुरस्कार 2023 देने की घोषणा की गई है वह महिलाओं की दुखती रग पर 200 वर्षों के आंकड़ों की स्टडी पर आधारित है कि, दुनियां भर में अर्थव्यवस्थाओंकेमॉडर्नलाइजेशन होने के बावजूद महिलाओं की कमाई पुरुषों के मुकाबला से काफी कम है और महिलाएं किस क्षेत्र में काम कर रही है यह भी उनकी कमाई पर गहरा असर डालता है। जबकि प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन की स्टडी में यह भी सामने आया है कि महिलाओं ने पुरुषों से बेहतर शिक्षा हासिल की है, जिसका सटीक उदाहरण हम भारत में भी देख रहे हैं कि शिक्षा में माध्यम से उच्चस्तर तक भी शासकीय सेवाओं की परीक्षाओं में भी पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बाजी मार रही है। वर्तमान परिपेक्ष में अगर हम हांगझोउ चीन में 23 सितंबर से 8 जुलाई 2023 को संपन्न हुए एशियाई गेम्स में भारत को 107 पदों से चौथा स्थान प्राप्त किया है, जिसमें महिला विजेता खिलाड़ियों का सराहनीय योगदान रहा है, परंतु इस सत्य को रेखांकित करना जरूरी है कि, महिलाओं के साथ पक्षपात और पुरुषों से उनकी कम कमाई रहती है जिसे हम एक सामान्य मेहनताने रोजगार से भी लगा सकते हैं, जिसमें यह प्रचलित है कि महिला या रेजा की रोजी 300 रुपए तो पुरुष यानी कुली की रोजी रुपए 400 इसी तरह हर संगठित और असंगठित क्षेत्र में इस तरह के रोजगार में भेदभाव है।जिसकी खाई को पटना समय की मांग है। बता दें कि यह पुरस्कार पाने वाली 55 वी शख्सियत है जबकि 1969 से 6 क्षेत्र में प्राप्त होने वाले नोबेल पुरस्कारों के अतिरिक्त इस अर्थशास्त्र विज्ञान क्षेत्र में पुरस्कार की शुरूआत होने के बाद अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली यह तीसरी महिला है। इसके साथ ही 2 से 9 अक्टूबर 2023 तक चले इस घोषणा सीजन का कार्य क्षेत्र समाप्त हो गया है। चूंकि अर्थशास्त्र विज्ञान क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार अमेरिका की पुरस्कार विजेता को अपनी रिसर्च, महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा कम मेहनताना या कमाई मिलती है, किया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां भर की अर्थव्यवस्थाओं के मॉडर्नाइजेशन के बावजूद महिलाओं की कमाई पुरुषों के मुकाबले कम पर रिसर्च में नोबेल पुरस्कार सराहनीय उपलब्धि है।

साथियों बात अगर हम नोबेल पुरस्कार घोषणाओं के अंतिम दिन 9 अक्टूबर 2023 को देर शाम अर्थशास्त्र विज्ञान में नोबेल पुरस्कार विजेता की घोषणा की करें तो, रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार 2023 का एलान कर दिया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में 2023 के स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार क्लाउडिया गोल्डिन को देने का फैसला लिया गया है। उन्हें महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को उन्नत या विकसित करने के लिए यह सम्मान दिया गया है। प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को बेहतर बनाने के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को साल 2023 का इकोनॉमिक्स का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। ह्यरॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेजह्न के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने सोमवार को यहां पुरस्कार की घोषणा की।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**

**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विकास का दावा बनाम कांग्रेस की जातिगत जनगणना

**अशोक भाटिया**

**मध्य** प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बीच प्रधानमंत्री मोदी के विकास के विकास के दावे के सामने कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का दांव चल दिया है। कांग्रेस के अनुसार कांग्रेस शासित सभी राज्यों में जातिगत सर्वे करवाया जाएगा। इस संबंध में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके पहले बिहार में हाल में जारी हुए आंकड़ों के बाद जातिगत सर्वे पर राजनीति गरमा चुकी है। अब कांग्रेस ने ऐलान कर दिया है कि अपनी सत्ता वाले राज्यों में वो ये जनगणना करवाएगी। कुल मिलाकर इसे कांग्रेस की मजबूरी भी माना जा सकता है और कांग्रेस का गेम प्लान भी माना जा सकता है। कांग्रेस अच्छी तरह जानती है कि उसको जो वोट मिलता रहा है उसमें और ज्यादा विस्तार की गुंजाइश नहीं है। गुंजाइश तब बनेगी जब कोई एक नया वोट बैंक आगे से जुड़ेगा और वो ओबीसी जनगणना के माध्यम से ओबीसी और एमबीसी जो भी कैंप कहिए, एक्स्ट्रीम बैकवर्ड क्लास या मोस्ट बैकवर्ड, इनको अपने साथ मिलाए। अभी सीएसडीएस का एक सर्वे आया था जो बता रहा था कि पिछली बार कांग्रेस को 12 करोड़ वोट मिला था। 19% ज्यादा इस बार 2024 में मिल सकता है। लेकिन भाजपा को भी 37% से बढ़कर 39 मिल सकता है और कांग्रेस के हिस्से में जो एक्स्ट्रा वोट जा रहा है वो विपक्ष से जा रहा है। कांग्रेस चाहती है कि विपक्ष भाजपा की झोली से उसकी गोद में वोट गिरे और इसके लिए ओबीसी की पॉलिटिक्स सबसे मुफीद है। इससे कांग्रेस की नजर में एक तीर से दो निशाने लगाए जा सकते हैं। एक भाजपा का जो हिंदू वोट बैंक का पूरा जो ढांचा है, उसको तोड़ने में या कुछ ना कुछ उसमें सेंध लगाने की कोशिश की जा सकती है। जनवरी में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होगा और भाजपा वहां परवान चढ़ेगी। उससे पहले ओबीसी वोट बैंक के जरिए सेंध लगाया जा सकता है। दूसरा, महिला आरक्षण का लाभ भाजपा को उस रूप में नहीं मिले जिस रूप में भाजपा चाहती है। इसीलिए ओबीसी महिला आरक्षण की बात भी कही गई है।

# असहमति और विरोध की परिणति हिंसा या युद्ध नहीं

**किसी** बात से असहमत होना और उसका हिंसात्मक विरोध करना दोनों अलग-अलग पहलू है। किसी विचार या मुद्दों से असहमत होने का मतलब हिंसा प्रतिफल के रूप में नहीं हो सकती है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 2000 लोगों की जान चली गई और 5000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। आखिर मानवता को क्या हो गया है इंसान इंसान का इतना बड़ा दुश्मन कैसे बन गया है। लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। वैश्विक शांति में खलबली मच गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत पर एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।

आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है।

## न्यूज फ्लैश

### अतिरिक्त उपायुक्त ने सरकारी स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अतिरिक्त उपायुक्त** अपराजिता ने पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यिम विद्यालय साहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों व अन्य व्यवस्थाओं बारे जानकारी हासिल की। इस मौके पर उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए यहां पर स्थापित किए गये आईईडी सैंटर का भी जायजा लिया। इसके साथ-साथ उन्होंने आंगनवाड़ी सैंटर का भी निरीक्षण करते हुए बच्चों को जो खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जाती उसके बारे भी जानकारी ली। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यिम विद्यालय, साहा का निरीक्षण करते हुए यहां पर कितने विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उन्हें क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने लाईब्रेरी में जाकर विद्यार्थियों के लिए कौन-कौन सी पुस्तकें उपलब्ध हैं उसकी भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत और बेहतर तरीके से सफाई हो सके, इसके लिए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के क्रम में अतिरिक्त उपायुक्त ने स्कूल में ही स्थित दिव्यांग बच्चों के लिए जो सैंटर बनाया गया था उसका भी जायजा लिया। दिव्यांग बच्चों के लिए यहां पर क्या सुविधा उपलब्ध है, इसकी सम्बन्धित से जानकारी हासिल करते हुए समीक्षा भी की। आंगनवाड़ी सैंटर का निरीक्षण करते हुए कितने बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्र में आते हैं, उन्हें शैडयूल के मुताबिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है, उसकी भी जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि हमें विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवानी है ताकि वे जीवन में आगे बढकर अपने जीवन रूपी लक्ष्य को हासिल कर सकें। इस मौके पर डिप्टी डीईओ रेणू अग्रवाल के साथ-साथ स्कूल का अन्य स्टाफगण व अन्य मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण कार्यों को लेकर विज ने ली अधिकारियों के साथ बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शास्त्री कालोनी स्थित अपने निवास स्थान पर नगर परिषद अम्बाला छावनी व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए सदर क्षेत्र के तहत जो सडकों का नवीनीकरण किया जाना है उस बारे समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सडकों का निर्माण तीव्र गति से पूरी गुणवत्ता के साथ करवाना सुनिश्चित करें।
गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बैठक के दौरान नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता से सडकों के नवीनीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की और सम्बन्धित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि वे सडकों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करवाना सुनिश्चित करें। त्यौहारों से पहले काम शुरू हो जाना चाहिए तथा कोशिश करें कि रात के समय में सडकों का निर्माण किया जाए क्योंकि इस समय बाजार बंद होते हैं। यहां बता दें कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से अम्बाला छावनी सदर क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में करोडों रुपए की लागत से सडकों का निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। इसके साथ-साथ गृह मंत्री ने नगर परिषद के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि निकलसन रोड़ की तर्ज पर अन्य बाजारों में भी लाईटें लगे और डिवाईडरों पर भी इसे लगाने का काम किया जाए। इस कार्य के लिए भी 50 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि लघु सचिवालय अम्बाला छावनी में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाई जानी है जिसके लिए उन्होंने बीते कल लघु सचिवालय का दौरा भी किया था और जिस स्थान पर इसे लगाया जाना है उस स्थान बारे भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मूर्ति के नजदीक लाईटें भी लगानी सुनिश्चित करनी है ताकि रात के समय भी यह मूर्ति दिख सके।
बैठक के दौरान नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता मनदीप ने गृहमंत्री को नाईट फूड मार्किट, पार्कों की मैंटेनैस के साथ-साथ अन्य चल रहे कार्यों बारे भी जानकारी दी। गृहमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिए कि पार्कों की मैंटेनैस के लिए रैजिडैंस वैल्फेयर एसोसिएशन को प्रेरित करते हुए उनका रजिस्ट्रेशन करवाएं। ऐसा होने से पार्कों का रख-रखाव बेहतर तरीके से हो सकता है। इस मौके पर एचएसआईडीसी से आए अधिकारियों से गृहमंत्री ने लोजैस्टिक हब बनाए जाने के कार्य की भी जानकारी हासिल की। सम्बन्धित अधिकारी ने नक्शे के माध्यम से इस परियोजना की रूपरेखा बारे उन्हें जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए ई-भूमि के माध्यम से इसे पोर्टल पर अपलोड किया जाना है।
बॉक्स:- इस मौके पर एचएसआईडीसी के अंतर्गत आने वाले इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शहर के बीचों-बीच डोमैस्टिक एयरपोर्ट की सौगात दिए जाने के लिए गृहमंत्री का दिल की गहराईयों से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि डोमैस्टिक एयरपोर्ट बनने से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, उद्योगपति सुगमता से एक दिन में ही यहां पर आकर वापिस जा सकेंगे। इस दौरान एसोसिएशन से आशीष तायल, सुरेश धीमान, साहिल जैन, संयम जैन, रवि जाम व अन्य ने गृहमंत्री को पुष्प गुच्छ देकर यह सौगात देने के लिए उनका धन्यवाद किया।
बॉक्स:- गृहमंत्री ने बैठक के दौरान इंडस्ट्रीज के लोगों को यह भी कहा कि जुलाई माह में अत्याधिक वर्षा होने व बाढ़ के चलते उद्योगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# 'मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य देश में जल आपूर्ति का प्रमुख केन्द्र'

## न्यूनतम समर्थन मूल्य और वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित जिलों में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
**केंद्रीय गृह एवं** सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में टिहरी के नरेन्द्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 24वीं बैठक आयोजित की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्यों के योगदान पर बात करते हुए कहा कि ये राज्य देश में जल आपूर्ति का प्रमुख केन्द्र हैं, इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। परिषद में शामिल राज्यों पर बात करते हुए उन्होंने आगे कहा कि ये राज्य देश में

**मंथन**

**8 मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है।**

कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के पथ-प्रदर्शन में आज क्षेत्रीय परिषदों



की भूमिका सलाहकार से बदलकर एक्शन प्लेटफॉर्म के रूप में कारगर साबित हुई है। पूरा देश जानता है कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं। शाह का स्पष्ट मानना है कि इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती है।
बैठक में पांच किमी के दायरे में हर गांव तक बैंकिंग सुविधा, देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस) के गठन, रॉयल्टी और खनन संबंधित मुद्दों, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, करने वाले दिग्गज नेता शाह ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने पर बल दिया है।
यह देखा गया है कि अमित शाह ने हमेशा समस्याओं का समाधान निकालने, वित्तीय समावेशन बढ़ाने और नीतिगत बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। यही वजह है कि अमृत काल में शाह की नीतियों के तहत मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने मोदी जी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारने का अभूतपूर्व काम किया है। गौरतलब है कि 2004 से 2014 तक क्षेत्रीय परिषदों की 11 और स्थायी समितियों की 14 बैठकें हुईं, जबकि 2014 से 2023 तक क्षेत्रीय परिषदों की 25 और स्थायी समितियों की 29 बैठकें हुईं हैं। इसके अलावा 2004 से 2014 के बीच कुल 570 मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें से 448 को सुलझा लिया गया, जबकि 2014 से 2023 के बीच कुल 1315 मुद्दों पर चर्चा हुई जिनमें से 1157 मुद्दों को सुलझा लिया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद के साथ ही केंद्रीय गृह सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सभी सदस्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्री लिखने में मनमाने पैसे वसूलने पर किसानों ने की प्रशासन से अर्जीनवीसों पर रोक लगाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारतीय किसान** यूनियन की (अ) ग्रुप की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष बलजीत की अध्यक्षता में हुई। जिसमे किसानों की समस्याओं को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव



पारित करते हुए सरकार से समाधान की मांग की। किसानों ने गांवों से निकलने वाले गन्दे पानी की निकासी का अलग से समाधान किया जाना चाहिए ताकि पशुओं वाले तालाब को गंदा व पशुओं को बीमार होने से बचाया जा सके। दूसरे प्रस्ताव में किसानों ने कहा कि तहसील में रजिस्ट्री लिखने वाले अर्जीनवीसों की फीस निर्धारित जाए ताकि वे मनमाने ढंग से पैसे न वसूल सके। अगवानपुर फाटक पर निमार्णाधीन अंडरब्रिज में भरे बरसात के पानी की निकासी करवाई जाए ताकि दुपहिया वाहन चालक आसानी से निकल सके। मशीन द्वारा कटवाए गए धान की पुराली जलाने पर कार्रवाई नही की जाए, बची हुई पुराली जलाना किसानों की मजबूरी है। जी टी रोड से गांव भूर्री जाने वाली सड़क को बनवाया जाए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन अ के ब्लाकध्यक्ष बलजीत सिंह, ओम प्रकाश, मास्टर अजीत, रमेश, जयभगवान, प्रकाश आदि मौजूद थे।

## कार्यालय से दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल लेकर नौकर फरार

**गन्नौर। बडी** गांव में कार्यालय पर काम करने वाला नौकर दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। मालिक ने चोरी की शिकायत बडी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में भोड़वाल माजरी निवासी मनीष ने बताया कि अपने दोस्त पलवल निवासी मोनू के साथ बडी गांव में मनीष इंजिनियरिंग वर्क्स के नाम से कार्यालय बना रखा है। उस कार्यायल पर खाना बनाने के लिए सौरभ नाम के लड़के को रखा हुआ है। 8 अक्टूबर को उसने दो लाख रुपये गददे के नीचे रखे और जल्दी सो गया। रात को करीब 10 बजे उठा तो उसका नौकर सौरभ गायब था और दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल भी गायब थी। उन्होने अपने स्तर पर सौरभ की तलाश की, लेकिन कहीं पता नही चला।

## फिजिओथेरेपी शिविर में बढ़ती उम्र में होने वाली तकलीफों से राहत को लेकर जागरूक किया

### थैरेपी सेंटर के चिकित्सक बलजीत के नेतृत्व में ग्रामीणों की थैरेपी की

**गन्नौर।**
**गांव जाहरी** में निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सोनीपत थैरेपी सेंटर के चिकित्सक बलजीत के नेतृत्व में प्रवीन, खुशबू, विनोद, निशा ने रोगियों की जांच की और आवश्यकतानुसार फिजिओथेरेपी से संबधित जानकारी भी दी। डा. बलजीत ने कहा कि बदलते मौसम में होने वाली शारीरिक परेशानियां, विटामिन की कमी से होने वाली परेशानी, कोरोना संक्रमण की चपेट में आने के बाद उसके शरीर पर पड़े



नकारात्मक प्रभाव और बढ़ती उम्र में होने वाली तकलीफों से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हड्डी रोग निवारण एवं फिजियोथेरेपी कैंप लगाया गया। विभिन्न तरह की हड्डी की व्याधियों के रोगी के अलावा कुछ ऐसे मामले भी सामने आए जिनके उपचार के जिम्मेदारी चिकित्सकों ने ली। डा. बलजीत ने कहा कि जनहित में शिविर लगाने का उद्देश्य है कि लोगों को पता लगे कि सरवाइकल, कमर दर्द, पेट की सभी बीमारियां, घुटने दर्द, ड्प्रेशन बिना दवाई ठीक हो जाती हैं। सभी प्रकार की बीमारियों में लाभ मिलता है।

# अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर लगाया सेल्फी प्वाइंट

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भारत सरकार** द्वारा अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर सेल्फी प्वाइंट को इंस्टॉल्ड किया गया है। इस का मुख्य मकसद युवाओं को स्किल्ड के बारे में जागरूक करना है। इस तरह के तीन सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं जो की अंबाला के अलावा चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन और सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर लगाए गए है ।
जानकारी देते हुए अंबाला मंडल के सीनियर डीसीएम नवीन कुमार ने बताया कि रेलवे द्वारा तीन बड़े स्टेशनों पर ये सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं उन्होंने बताया की ये भारत सरकार की स्किल डेवलपमेंट के




लिए पॉलिसी है। उसके प्रमोशन के लिए युवाओं को रोजगार के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ये इस लिए रेलवे स्टेशन पर लगाया गया है ताकि स्किल डेवलपमेंट पॉलिसी के बारे में आने जाने वाले लोगों को पता चल सके।
उन्होंने कहा कि इसके लगने से एक तरफ जहां स्टेशन की सुंदरता में चार चांद लगे है तो दूसरी तरफ लोगों

**जागरूक होंगे**

**8 इस सेल्फी प्वाईट का मुख्य मकसद युवाओं को स्किल्ड के बारे में जागरूक करना है**

को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी भी मिलती है क्योंकि हजारों लोग हर रोज रेल में सफर करते हैं और इसका मुख्य उद्देश्य भी यही है की लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में पता चल सके। रेलवे स्टेशन पर यह सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है।
आने जाने वाले लोग यहां पर खड़े होकर सेल्फी ले रहे है। सरकार के इस फैसले की लोगों ने बहुत सराहना की है। लोगों का कहना है कि इससे युवाओं को रोजगार के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। इसके लिए युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह देश के युवाओं के बारे में सोचते है। आज बाहर से युवा भारत में आ रहे है जबकि पहले युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के कारण आज देश की अर्थ व्यवस्था भी काफी अच्छी हुई है। लोगों का कहना है कि इससे लोगों को स्किल डेवलपमेंट के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।

## महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा का निमंत्रण दिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत पालिका** बाजार, जवाहर मार्किट और गुड़ मंडी में महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के साथी गण 15 अक्टूबर को होने वाली महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा का निमंत्रण देने पहुंचे ' इस दौरान समाजसेवी संजय अग्रवाल ने मेन बाजार की सभी दुकानों पर जाकर सभी को महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया वहीं सभी दुकानदारों को बताया कि आने वाली 15 अक्टूबर को पानीपत के ऐतिहासिक देवी मंदिर से दोपहर 2:00 बजे शोभा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जो की पानीपत की बाजारों से होती हुई महाराजा अग्रसेन चौक पर पहुंचेगी इस यात्रा में 18 सफेद घोड़े होगें जिन पर महाराजा अग्रसेन जी के 18 पुत्रों के नाम से बने 18 गोत्रों के युवक व युवतियां यात्रा की अगवाई करेंगी। यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए भारत का नंबर वन जिया बैंड भी शामिल होगा। वही नासिक ढोल नगाड़ों के साथ भगवान श्री गणेश जी, भगवान शिव, भगवान राम और मां सीता, भगवान बाला जी हनुमान जी,अग्रवाल समाज की कुलदेवी मां लक्ष्मी एवं अग्रवाल समाज के कुल देवता महाराजा अग्रसेन जी का स्वरूप यात्रा में शामिल होगा। इस यात्रा के दौरान सभी साथियों को भगवा रंग की पगड़ी बांधी जाएगी। इस यात्रा में अग्रवाल समाज के लगभग 5 हजार के करीब बड़े बुजुर्ग युवा साथी एवं महिलाएं शामिल होंगी। वहीं समाजसेवी संजय अग्रवाल ने सभी दुकानदारों को निमंत्रण देते हुए कहा कि इस यात्रा में 36 बिरादरी शामिल होकर महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा की शोभा बढ़ाइएगी। इस दौरान सुरेंद्र गर्ग, सोनम गोयल,प्रभा गर्ग,नकुल जैन, अंकित गहलौत, अंकुश ढिंगिया,संदीप,संजय मास्टर,मनीष आदि साथी मौजूद रहे।

## बेगा रोड दुकान से हजारों रुपएं का सामान चोरी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**बेगा रोड** स्थित दुकान से चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। दुकान मालिक ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बेगा रोड निवासी रमेश ने बताया कि रमेश इलैक्ट्रीक के नाम से बेगा रोड पर उसकी दुकान है। वह मोटर, पंखे बांधने का काम करता है। 8-9 अक्टूबर की रात को चोर उसकी दुकान से ताला तोड़कर 48 टेयर वायर, 6 बडी टेयर वायर, 6 सिलिंग फैन, 1 टुलु पंप, 1 समरशिबल की मोटर, सिंगर मोटर, 5 किलो सकरेप कोपर, 1 फराटा पंखा, 8 पंखे स्टाटर, 1 एगजोस्ट फैन, 14 किलो छोटी टेयर कोपर, 6 टेयर मोटी कोपर चुरा ले गए। चोरी से उसे लगभग 81500 रुपये का नुकसान हुआ है। बडी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने बज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 125 फीट ऊंचे रावण के पुतले का बराड़ा में होगा दहन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** शहर के निकटवर्ती कस्बा अंबाला के बराड़ा में इस बार भी दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रबंधन समिति के तजेन्द्र चौहान ने बताया कि इस वर्ष 125 फीट का रावण का पूतला यहां बनाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि इसे बनाने में 3 महीने का समय लगा है। 25 कारीगर दिनरात यहां पर रावण के पूतले को बनाने में जुटे हुए है। रिमोट कंट्रोल द्वारा रावण के पूतले का दहन दशहरे पर किया



जाएगा। उन्होंने बताया कि रावण के पूतले के निर्माण पर लगभग 18 लाख रुपए का खर्चा आ रहा है। इस दौरान इको फरेंडली आतिशबाजी का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज सेवियों को सहयोग से यह कार्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि 24 अक्तूबर को यह कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि बराड़ा के रावण का पूतला अपनी विश्व प्रसिद्ध उंचाई के लिए 5 बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा चुका है तथा एक बार गिनिज बुक आफ वर्ड रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करवा चुका है। उन्होंने बताया कि कई रिकॉर्ड बराड़ा रावण के पूतले के नाम पर दर्ज है। उन्होंने कहा कि रावण के निर्माण पर 25 क्विंटल लौहा लगा है तथा 320 के लगभग बांसों का प्रयोग किया गया है। 2000 मीटर कपड़े से रावण की पौशाक तैयार की गई है। भारी बरकम रावण के पूतले को स्थापित करने के लिए कई क्रेनो का भी प्रयोग किया जाता है।

# मांगों को लेकर पीडब्ल्यूडी वर्कर यूनियन ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** गर्वमेंट पी डब्ल्यू डी मकैनिकल वर्कर यूनियन ने प्रदर्शन किया और कहा कि फील्ड कर्मचारियों को शीघ्र ही पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है।
उन्होंने कहा कि पदों को समाप्त करने की सिफारिशों को वापिस लिया जाए, विभाग में नहरों, राजवाहों, ड्रेनेज के विस्तार को देखते हुए नए पद सृजित करवाए जाए। सेवाएं नियमित करने व समान काम समान वेतन भत्ते की सुविधाएं दी जाएं। जीएसटी के नाम पर अवैध कटौती बंद की जाए। पारदर्शी तरीके से समय पर वेतन का भुगतान



हो। आकस्मिक अवकाश, चिकित्सा अवकाश आदि सुविधा उपलब्ध करवाई जाएं। इसके साथ ही उन्होंने विभाग में कार्यरत कैनाल गार्ड की शैक्षणिक योग्यता व शारीरिक मापदण्ड को देखते हुए फॉरेस्ट गार्ड की तर्ज पर तृतीय श्रेणी का कर्मचारी माना जाए। गेज रिडर व मेट का पद पदोन्नत होने के कारण तृतीय श्रेणी कर्मचारी माना जाए।
विभाग में कार्यरत नवन्युक्त कार्यरत ग्रुप -घ के कर्मचारियों को कॉमन सिनियोरटी में राहत देते हुए विभागीय अमले में शामिल कर विभागीय सेवा नियमों के तहत ढील दी जाए। ग्रुप डी के पदोन्नति के सभी अधिकारी अधीक्षक अभियंताओं को दिए जाए। उन्होंने कहा कि पुरानी पेशन स्कीम को फिर से लागू किया जाए। सभी कर्मचारियों को एलटीसी का भुगतान हो जोखिम भरा कार्य करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता भी दिय जाए। बाढ़ सीजन में कार्यरत कर्मचारियों को खुला यात्रा भत्ता दिया जाना चाहिए।
उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कर्मचारी पिछले कई वर्षों से अपने हितों की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर है। आज इन कर्मचारियों ने पंचकूला जल संसाधन एव सिचाई विभाग के मुख्य अभियंता के नाम ज्ञापन सौपते हुए कहा कि संगठन राज्य कार्यकारणी की बैठक 14 सितंबर को रोहतक में हुई थी जिसमें निर्णय लिया गया था कि यदि बातचीत से समस्याओं का समाधान नहीं होता तो संघर्ष ओर अधिक तेज किया जाएगा।

## दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़ । राजकीय** महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में छिपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनके सर्वांगीण विकास करना है। इस अवसर पर प्राचार्य संजय जोशी ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में उन्हें बढ़-चढ़कर भाग लेते रहना चाहिए। प्रतियोगिता के पहले दिन पोस्टर मेकिंग ,पेंटिंग , रंगोली, क्ले मॉडलिंग ,कार्टूनिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मेहंदी



तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पारुल ने प्रथम , रूपा ने द्वितीय तथा ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में मिताली ने प्रथम , पायल ने द्वितीय तथा रितु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में प्रथम स्थान पर रितु ,द्वितीय स्थान पर राधिका तथा तृतीय स्थान पर नंदिनी रही। क्ले मॉडलिंग में प्रथम स्थान पर पारुल, द्वितीय स्थान पर मौसम तथा तृतीय स्थान पर दीपिका रही। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राशि, द्वितीय स्थान पर मेघा तथा तृतीय स्थान पर नेहा रही। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ममता ,द्वितीय स्थान पर अंशु तथा तृतीय स्थान पर राधिका रही।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 11 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 6 लाख से अधिक नौजवानों को दी नौकरी: योगी

## सीएम योगी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किया

**नियुक्ति**

**ये नौजवान पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ मिलकर कार्य करेंगे तो उत्तर प्रदेश को कोई बीमारू नहीं रख सकता**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार विगत 6 वर्ष में 6 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। ये नौजवान पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ मिलकर कार्य करेंगे तो उत्तर प्रदेश को कोई बीमारू नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर यूपी को एक समर्थ और समृद्ध राज्य बनाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग के परिणाम आने में डेढ़ से 2 साल लग जाते थे, लेकिन अब अधीनस्थ सेवा चयन आयोग निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से 6 महीने से 9 महीने के अंदर परिणाम दे रहा है। फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेटर्स समिट का आयोजन हुआ। इससे प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे एक करोड़ से अधिक नौजवानों को नौकरी मिलेगी। आज उत्तर प्रदेश देश के अंदर नए रोजगार सृजन का गंतव्य बनकर उभर रहा है। सीएम योगी ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की यात्रा शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है। इसी का नतीजा है कि ट्रेडिशनल मेडिसिन के क्षेत्र में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद हमेशा से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग प्राचीन काल से भारत की परंपरा के साथ जुड़ा रहा है। होम्योपैथ का उपयोग गांवों में लोग किसी न किसी रूप में करते रहे हैं। लेकिन पहली बार, आयुर्वेद, योग, प्रकृति चिकित्सा, सिद्धा और होम्योपैथ को मिलाकर जब आयुष मंत्रालय का गठन होता है तो इससे भारत की ट्रेडिशनल मेडिसिन को एक नई पहचान मिलती है। सीएम योगी ने कहा कि कोविड कालखंड में आयुष काढ़ा लोगों का सहारा बना। 2014 के बाद जिस तरह से इस दिशा में कार्य होना प्रारम्भ हुआ, आज उसी का परिणाम है कि देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष की अलग-अलग विधाओं में डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज प्रारंभ हो सके इसके लिए प्रदेश में आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि पहले आयुर्वेद के लिए चयनित फार्मासिस्ट को सरकारी नौकरी नहीं दी जाती थी, लेकिन आज यह सरकारी व्यवस्था का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयुष की सभी विधाओं को प्रोत्साहित कर रही है।

### चयनित फार्मासिस्ट से सीएम योगी ने किया संवाद

**कार्यक्रम** में सीएम योगी ने चयनित हुए कुछ होम्योपैथिक फार्मासिस्ट से संवाद भी किया। इस दौरान हरदोई के मोहम्मद आरिफ ने अपने चयन पर भावुक होते हुए बताया कि वह अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं, जिनका चयन सरकारी सेवा में हुआ है। उन्होंने सीएम योगी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वह अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करेंगे। प्रयागराज के विवेक मिश्र ने कहा कि उनका चयन निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत हुआ है। इसके लिए सीएम योगी का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि विभाग और सरकार द्वारा दिए गए सभी कार्यों को वह पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। देवरिया की संजना भारती ने कहा कि सीएम योगी द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि वह किसान परिवार से हैं। बचपन से ही उनका सपना था कि वह आत्मनिर्भर बनें और सीएम योगी द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अपनाई गई निष्पक्ष एवं पारदर्शी नीति की वजह से आज उनका यह सपना पूरा हो पाया है। संजना ने कहा कि अब वह गर्व से कह सकती हैं कि आत्मनिर्भर प्रदेश की आत्मनिर्भर बेटी बन चुकी हैं। कार्यक्रम में आयुष विभाग के मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव आयुष विभाग दीना जौहरी, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, राजधानी लखनऊ के जनप्रतिनिधि और आयुष विभाग के अधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## फास्ट न्यूज

### कावेरी: डीएमके पदाधिकारी के वायरल वीडियो से नया विवाद

**चेन्नई:** सत्तारूढ़ डीएमके पदाधिकारी की एक वीडियो वायरल है जिसमें सहयोगी दलों के सदस्यों से कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष खड़ा करने का "भ्रम पैदा करने" के लिए कहा जा रहा है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के.अन्नामलाई ने इसे जनता को धोखा देने वाला कारनामा बताया है। दरअसल, बुधवार को कावेरी मुद्दे पर कर्नाटक सरकार के खिलाफ डेल्टा जिलों में द्रमुक और उसके सहयोगियों के स्थानीय पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में किसान संघों और कई राजनीतिक दलों ने सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं जारी करने को लेकर कर्नाटक सरकार के विरोध में नागापट्टिनम, मयिलादुथुराई, तंजावुर और तिरुवरुर जैसे डेल्टा जिलों और चार पड़ोसी जिलों में बंद के आह्वान पर चर्चा की गई। इसी दौरान बैठक की एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें मयिलादुथुराई के डीएमके जिला सचिव और पूमपुहार विधायक निवेधा एम. मुरुगन, मयिलादुथुराई कांग्रेस विधायक एस. राजाकुमार समेत कई लोग शामिल थे। वीडियो में डीएमके के उप-जिला सचिव एम. ज्ञानवेलन को यह कहते हुए सुना गया, हमें कांग्रेस का विरोध करने का भ्रम पैदा करना चाहिए और एआईएडीएमके एडप्पादी के पलानीस्वामी-भाजपा की राजनीति को खत्म करना है। यही हमारी रणनीति होनी चाहिए। हम तभी आगामी लोकसभा चुनाव जीत सकते हैं, जब अपनी एकता दिखाने के लिए ऐसा करेंगे।" भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने इस वीडियो को साझा कर कहा, डीएमके-कांग्रेस गठबंधन की बात सभी लोग जानते हैं। तमिलनाडु के लोगों को धोखा देने का पुराना इतिहास है। अन्नामलाई ने आरोप लगाया कि डीएमके सिर्फ चुनाव जीतने के लिए नाटक कर रही है।

### 'शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे अनुसूचित जाति के छात्र'

**नई दिल्ली**

**अनुसूचित** जाति के छात्रों की शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) शुरू की है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार, श्रेष्ठ का प्राथमिक उद्देश्य सरकारी विकास पहलों की पहुंच का विस्तार करना और शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति के छात्रों को आगे बढ़ाना है। इस योजना का लक्ष्य गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा संचालित अनुदान-प्राप्त संस्थानों और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने वाले आवासीय विद्यालयों के सहयोग से इसे हासिल करना है। श्रेष्ठ अनुसूचित जाति के छात्रों के भविष्य के अवसरों को सुरक्षित करते हुए उनके सामाजिक आर्थिक उत्थान और समग्र विकास के लिए वातावरण बनाने की कल्पना करती है।

### फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट के लिए युवक ने सैकड़ों व्यापारियों को ठगा

**रामगढ़।** जिले में फूड सेफ्टी सर्टिफिकेट के नाम पर सैकड़ों व्यापारियों को ठगा गया है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब मंगलवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री जांच करने के लिए दुकानदारों के पास पहुंची।

## सेफ सिटी: 20 धार्मिक स्थलों को मिलेंगे पिंक बूथ




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**सेफ सिटी परि**योजना के तहत प्रदेश भर की महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश भर में तीन हजार पिंक बूथ और सभी 10417 महिला बीटों को पिंक स्कूटी देने का फैसला किया था। वहीं परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के नौ शहरों के 20 धार्मिक स्थलों पर पिंक बूथ के निर्माण का निर्णय लिया गया था जबकि 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 1100 महिला बीट आरक्षियों को इलेक्ट्रिक दो पहिया स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे। पहले चरण में पिंक बूथ निर्माण और इलेक्ट्रिक दो पहिया स्कूटी के लिए तीन माह का समय निर्धारित किया गया था। इस पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने एक प्रस्ताव बनाकर शासन को उपलब्ध कराया है, जिस पर मुहर लगते ही इसे धरातल पर उतारने का काम शुरू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि प्रदेश में सेफ सिटी परियोजना तीन फेज में पूरी की जानी है। इसमें पहले फेज में 17 नगर निगमों के साथ गौतमबुद्धनगर शामिल है। वहीं दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालय की नगर पालिकाओं और तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाएगा।

**महिला सुरक्षा**

**योगी सरकार ने 550 थानों की 1100 महिला बीट आरक्षियों को दी जाएगी पिंक स्कूटी**

**550 थानों को सौंपी जाएगी 1100 पिंक स्कूटी:** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के एडीजी बीपी जोगदंड ने बताया कि सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के नौ शहर के 20 धार्मिक स्थलों पर पिंक बूथ का निर्माण किया जाएगा। इसमें वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, मीरजापुर, मथुरा, गोरखपुर, आगरा, बलरामपुर और चित्रकूट शामिल हैं।



एशियाई खेलों के पदक विजेता गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के साथ अन्य खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में।

## राजस्थान चुनाव: 18 को जारी होगी कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज कहा कि 18 अक्टूबर तक राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। गहलोत मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर गहलोत ने कहा कि 18 अक्टूबर के आसपास कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक होगी। इस दौरान हम राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों पर निर्णय लेंगे। उसके बाद उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पुनः सरकार बनाने जा रही है। राज्य की जनता कांग्रेस की योजनाओं से खुश है।

**लिस्ट तैयार!**

**हम राजस्थान चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों पर निर्णय लेंगे। उम्मीदवारों की सूची जारी होगी**

## ईडी ने चीनी फोन निर्माता कंपनी वीवो के खिलाफ की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय यानी ईडी ने चीनी फोन निर्माता कंपनी वीवो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने धन-शोधन निवारण अधिनियम के तहत लावा इंटरनेशनल कंपनी के एमडी और एक चीनी नागरिक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**ईडी ने 10 लाख नकदी किया था बरामद:** मालूम हो कि ईडी ने नौ अक्टूबर को आरोपियों के परिसरों पर छापेमारी कर 10 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की थी।

## दो डिग्री और बढ़ा टेम्प्रेचर तो जनता के लिए जानलेवा होगी गर्मी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वैश्विक** तापमान अगर पूर्व-औद्योगिक स्तर से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है, तो उत्तर भारत और पूर्वी पाकिस्तान में रहने वाले लगभग 2.2 अरब (220 करोड़) लोगों को लंबे समय तक मानव की सहनशीलता से अधिक गर्मी का अनुभव हो सकता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी आफ साइंसेज (पीएनएएस) जर्नल में प्रकाशित शोध से संकेत मिलता है कि ऐसे परिदृश्य में उत्तर भारत,



पूर्वी पाकिस्तान, पूर्वी चीन और उप-सहारा अफ्रीका को मुख्य रूप से उच्च आर्द्रता (हाई ह्यूमिडिटी) वाली गर्म हवाओं का सामना करना पड़ेगा। उच्च आ?र्द्रता वाली गर्म हवाएं अधिक खतरनाक हो सकती हैं क्योंकि हवा अतिरिक्त नमी को कुशलतापूर्वक अवशोषित नहीं कर सकती। वाष्पित करने की क्षमता को सीमित करती है और कूलर जैसे उपायों की नमी की मात्रा को प्रभावित करती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि इस क्षेत्र में निम्न-से-मध्यम आय वाले देश हैं, जिसका अर्थ है कि कई प्रभावित व्यक्ति अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने के लिए एयर कंडीशनिंग या अन्य प्रभावी उपायों से वंचित रह सकते हैं।

**साधा निशाना** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-कांग्रेस के खून में अंग्रेजों के जींस, विभाजन उसका मूलचरित्र

## कांग्रेस का हाथ जिहादियों के साथ: विष्णुदत्त शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**इजराइल पर** आतंकियों के बर्बर हमले से देश की जनता स्तब्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हमले पर पर दुख व्यक्त किया है और इस संकट की घड़ी में इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस इस मामले में देश के अधिकृत स्टेंड से अलग जा रही है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने आतंकियों के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया है। कांग्रेस का यह रवैया नया नहीं है, बल्कि कांग्रेस का हाथ हमेशा से



आतंकवादियों, नक्सलवादियों और जिहादियों के साथ रहा है। यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को मीडिया सेंटर में पत्रकारां से बातचीत में कही। उन्होंने कांग्रेस के इस रवैये की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में जनता ही कांग्रेस की इस समस्या का इलाज करेगी।

**हमेशा देश विरोधियों के साथ खड़ी रही कांग्रेस:** शर्मा ने कहा कि देश विरोधियों, आतंकवादियों के प्रति हमदर्दी कांग्रेस की पुरानी आदत है। जो देश के लिए खतरनाक हैं, देश पर हमला करते हैं, कांग्रेस उनके लिए प्रेम दिखाती रही है। कांग्रेस के लोग वैश्विक आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को ओसामा जी कहते हैं, तो मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को हाफिज साहब कहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के लिए सोनिया गांधी ने जहां लगातार आंसू बहाए, वहीं, मि. बंटाढार दिग्विजयसिंह तो उस मुठभेड़ को ही फर्जी बताते रहे। कांग्रेस के लोगों ने सिमी को समर्थन दिया, कर्नाटक चुनाव के

